* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

13 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 53

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

नवंबर में रिटेल महंगाई बढ़ कर 5.55 %हुई







## न्यूज रील्स

### इंतजार करती रही इडी, नहीं पहुंचे मुख्यमंत्री

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (इडी) कार्यालय नहीं पहुंचे। उन्होंने इडी कार्यालय चिट्ठी भेजी, जिसे सूरज नाम का कर्मचारी लेकर पहुंचा। सूत्रों की मानें तो इस चिट्ठी में हेमंत सोरेन ने इडी से सवाल किया है कि आप मुझे किस तरह बुला रहे हैं। क्या आप मुझे एक आरोपी की तरह पूछताछ के लिए बुला रहे हैं या आप इस मामले में जांच के लिए सहयोग चाहते हैं, उस आधार पर बुला रहे हैं। मुख्यमंत्री इडी कार्यालय के पास से ही गुजरे। सीएम हेलीकॉप्टर से दुमका के लिए रवाना हो गये।

### सीबीएसइ 10वीं-12वीं की परीक्षा 15 फरवरी से

नयी दिल्ली। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसइ) ने साल 2024 में होनेवाली 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की डेटशीट जारी कर दी है। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होंगी। 10वीं के पेपर 13 मार्च को खत्म होंगे और 12वीं के पेपर 2 अप्रैल को खत्म होंगे। बोर्ड परीक्षा से पहले होने वाली प्रैक्टिकल परीक्षा की डेट पहले ही रिलीज कर दी गयी थीं। 10वीं और 12वीं दोनों की प्रैक्टिकल परीक्षा 1 जनवरी से 15 फरवरी 2024 के बीच होनी हैं। 10वीं की बोर्ड परीक्षा में हर विषय का पेपर टोटल 80 मार्क्स का होगा। वहीं, 12वीं बोर्ड एग्जाम में अकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडीज और इकोनॉमिक्स के पेपर 80 मार्क्स के होंगे, 20 मार्क्स इंटरनल टेस्ट के बेसिस पर मिलेंगे। फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी का पेपर 70 मार्क्स का होगा और 30 नंबर का प्रैक्टिकल एग्जाम होगा। बाकी सभी सब्जेक्ट्स का पेपर 80 मार्क्स का ही होगा।

## सांसद धीरज साहू के यहां रेड पर बोले प्रधानमंत्री : 70 साल से कांग्रेस चोरी कर रही

# 'मनी हाइस्ट' जरूरत किसे... : मोदी

- एक सप्ताह में दूसरी बार सोशल मीडिया पर किया कॉमेंट
- कांग्रेस सांसद के ठिकानों पर छापेमारी खत्म, आकलन शुरू
- अब हीरा, सोना, जेवर के साथ निवेश के निकल रहे कागजात

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/भुवनेश्वर/रांची।** कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर छापा खत्म हो गया है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दूसरी बार इस प्रकरण को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने वेब सीरीज 'मनी हाइस्ट' का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा है कि भारत में 'मनी हाइस्ट' फिक्शन की जरूरत किसे है। कांग्रेस की 70 साल से चल रही चोरी लेजेंडरी रही है और गिनती अब भी जारी है।



उधर, धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर की छापेमारी खत्म हो गयी है। आयकर अधिकारी अब बैंक लॉकर, जब्त इलेक्ट्रानिक डिवाइस, दस्तावेज आदि को खंगालने में लगे हैं। बैंक लॉकर से हीरा सोना, जेवर और निवेश के कागजात भारी संख्या में निकल रहे हैं।

**6 दिसंबर को शुरू हुई थी छापेमारी :** गौरतलब है कि सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर 6 दिसंबर को आयकर विभाग ने छापेमारी शुरू की थी। झारखंड, ओड़िशा और प. बंगाल में लगभग एक दर्जन ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापेमारी शुरू की थी। ये सभी साहू और उनके परिवार वालों की कंपनियों से जुड़े कार्यालय घर और अन्य जगह थे। छह दिनों तक छापेमारी में केवल ओड़िशा के ठिकानों से 354 करोड़ रुपये बरामद हुए। इन नोटों को ओड़िशा के बोलांगीर और संबलपुर स्थित स्टेट बैंक में चालान भर कर जमा कराया गया है। हालत यह है कि बोलांगीर स्टेट बैंक में रुपये रखने को लेकर समस्या हो गयी है। अब बैंक ने रिजर्व बैंक से मार्गदर्शन मांगा है। सुरक्षा को देखते हुए बोलांगीर में पैरामिलिट्री फोर्स तैनात कर दी गयी है।

**लाल डायरी और इंस्पेक्टर तिवारी की चर्चा :** इस छापेमारी में प्राप्त दस्तावेजों में एक लाल डायरी और इंस्पेक्टर तिवारी की खूब चर्चा हो रही है। सूत्रों के मुताबिक छापेमारी में इंस्पेक्टर तिवारी के नाम से नोटों का एक पैकेट मिला है, जो करोड़ो रुपये के बीच अलग से था। वहीं, एक लाल डायरी भी मिली है। सूत्रों की मानें तो लेन-देन की विस्तृत सूची लाल डायरी में है।

**आयकर विभाग की टीम अब कर रही है पूछताछ :** आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी बोलांगीर में अब भी मौजूद हैं। अधिकारी शराब निर्माण कंपनी के कुछ कर्मचारियों और कुछ स्थानीय शराब व्यापारियों के परिवार के सदस्यों से इन पैसों के संबंध में पूछताछ कर रहे हैं। इस छापेमारी के बाद ओड़िशा उत्पाद एक्साइज डिपार्टमेंट भी एक्टिव हो गया। विभाग ने राज्य भर में देशी शराब निर्माण इकाइयों के दस्तावेजों का सत्यापन शुरू कर दिया है। साहू की कंपनी 1994-95 से ओड़िशा में देशी शराब निर्माण और बिक्री व्यवसाय में है। अब आयकर विभाग की टीम ने साहू ग्रुप की छह कंपनियों की अचल संपत्ति, बैंक लॉकर और अकाउंट के डिटेल्स को खंगालना शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने दो मैनेजर राकेश साहू और बंटी साहू सहित संजय साहू की पत्नी से पूछताछ की है।

### मोदी ने पोस्ट के साथ वीडियो भी डाला



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। सांसद धीरज साहू प्रकरण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर जो पोस्ट किया है, उसके साथ एक वीडियो भी शेयर किया है। यह भाजपा द्वारा जारी एक वीडियो है, जिसे फिल्म 'मनी हाइस्ट' नाम दिया गया। वीडियो में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज धीरज साहू के साथ राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की तस्वीर है। प्रधानमंत्री ने इस वीडियो के साथ लिखा, भारत में, 'मनी हाइस्ट' कहानी की जरूरत किसे है, जब आपके पास कांग्रेस पार्टी है, जिसकी डकैतियां 70 सालों से प्रसिद्ध हैं और गिनती में आनेवाली हैं! मोदी का इस प्रकरण पर यह दूसरा पोस्ट है। इससे पहले उन्होंने 8 दिसंबर को भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। मोदी ने लिखा था कि देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं की ईमानदारी के भाषणों को सुनें। जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है।

## दुमका में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

# केंद्र बकाया देता तो गैस सिलेंडर 500 में और पेंशन 2500 रुपये देता : हेमंत

- 1035.10 करोड़ रुपये की 5358 योजनाओं का दिया तोहफा
- लाभुकों में 53 करोड़ 23 लाख 10 हजार रुपये की बांटी परिसंपत्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार 1 लाख 36 हजार करोड़ का बकाया दे देती, तो गैस सिलेंडर 1200 का नहीं 500 में उपलब्ध कराता। पेंशन 1000 नहीं, 2500 होती। उन्होंने कहा कि राज्य में कोई ऐसा घर नहीं होगा, जहां सरकार की कोई न कोई योजना नहीं पहुंची हो। आज हर घर में योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अबुआ सरकार आपके सुख दुःख में हमेशा आपके साथ है। मुख्यमंत्री मंगलवार को दुमका प्रखंड के गादी कोरैया पंचायत स्थित बड़ा ढाका में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति अब तक किन्हीं वजहों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित है, तो वह 24 नवंबर से चल रहे इस कार्यक्रम के तहत पंचायतों में लग रहे शिविरों में जाये और आवेदन दे। यहां अधिकारियों का पूरा दल आपकी समस्या के समाधान के लिए मौजूद है।




**शिविरों को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम के तहत सभी पंचायतों में शिविर लगा रहे हैं। इन शिविरों को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर है। गरीब, जरूरतमंद, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, किसान-मजदूर, बुजुर्ग महिला और नौजवानों समेत हर वर्ग और तबके के लोग अपनी जरूरत की योजनाओं से जुड़ने के लिए शिविरों में आ रहे हैं। शिविर में उत्सव का माहौल है। यह दर्शाता है कि हमारी सरकार के प्रति आमजनों का कितना भरोसा है। मैं सभी को भरोसा दिलाता हूं कि अबुआ सरकार जन आकांक्षाओं और उम्मीदों को हर हाल में पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**मूलभूत जरूरत को पूरा करने के साथ विकास को दे रहे रफ्तार :** हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार लोगों के रोटी-कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत जरूरत को पूरा करने के साथ विकास को रफ्तार दे रही है। अबुआ आवास योजना के आठ लाख गरीबों के अपने आशियाना के सपने को पूरा करने जा रहे हैं। 20 लाख अतिरिक्त हरा राशन कार्ड जारी कर उन्हें अनाज दे रहे है और अब चना दाल देने का भी सरकार ने निर्णय लिया है। सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत गरीबों को साल में दो बार 10 रुपये में धोती/लुंगी और साड़ी दी जा रही है।

**राज्य को नयी दिशा दे रहे हैं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों को आर्थिक -सामाजिक-शैक्षणिक रूप से सशक्त बना रहे हैं। राज्य के साथ पिछले दो दशकों से गरीबी और पिछड़ेपन का जो टैग लगा है, उससे निजात पाने के लिए सरकार पूरी ताकत के साथ काम कर रही है । आप सभी के सहयोग से राज्य को नयी दिशा देने का काम काम कर रहे हैं। उन्होंने सरकार द्वारा शुरू की गयी पेंशन योजना, किसान, महिला, युवा, गरीब, बच्चों की शिक्षा, रोजगार आदि से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया।

**विकास योजनाओं का दिया तोहफा :** इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 1035.10 करोड़ रुपये की 5358 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। वहीं, विभिन्न योजनाओं के 34077 लाभुकों के बीच 53 करोड, 23 लाख 10 हजार की परिसंपत्तियों बांटी गयी। कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता और बादल, विधायक स्टीफन मरांडी, नलिन सोरेन, प्रदीप कुमार यादव, सीता सोरेन, बसंत सोरेन और दिनेश विलियम मरांडी मौजूद थे।

# भजनलाल होंगे राजस्थान के नये सीएम


- दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा डिप्टी सीएम, देवनानी स्पीकर होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान के नये मुख्यमंत्री का एलान हो गया है। सांगानेर से विधायक भजनलाल शर्मा को विधायक दल का नेता चुना गया है। प्रदेश कार्यालय में हुई विधायक दल की बैठक में भाजपा हाइकमान द्वारा तय किये गये नाम का एलान किया गया और उस नाम पर सभी की सहमति बन गयी। सूत्रों के मुताबिक नये मुख्यमंत्री के नाम का प्रस्ताव वसुंधरा राजे ने ही रखा।



भजनलाल शर्मा संघ पृष्ठभूमि से आते हैं। वह मूलतः भरतपुर के रहनेवाले हैं। वह प्रदेश महामंत्री के पद पर भी थे। विधायकों की ग्रुप फोटो में भजनलाल शर्मा चौथी लाइन में बैठे थे। 15 दिसंबर को नयी सरकार का शपथ ग्रहण हो सकता है। इसके साथ ही दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा उप मुख्यमंत्री होंगे। वहीं, अजमेर उत्तर से विधायक वासुदेव देवनानी विधानसभा स्पीकर होंगे। बैठक से पहले राजनाथ सिंह ने भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। जानकारी के मुताबिक राजनाथ सिंह ने वसुंधरा राजे को बैठक से पहले ही नये मुख्यमंत्री का नाम प्रस्तावित करने के लिए मना लिया था। भजनलाल शर्मा के नाम का एलान करने के बाद भाजपा नेता सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए राजभवन पहुंचे। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा के सभी नेताओं के साथ मिल कर राजस्थान का सर्वांगीण विकास करेंगे।




# कांग्रेस के लिए दशकों से खुला रहा है धीरज साहू के परिवार का खजाना, बदले में पावर कॉरिडोर में मिलती रही ऊंची रसूख



शंभु नाथ चौधरी

**रांची।** सांसद धीरज प्रसाद साहू के ठिकानों से अब तक 355 करोड़ से भी ज्यादा कैश की बरामदगी के मामले में कांग्रेस ने भले उनसे किनारा कर लिया हो, लेकिन सच्चाई यह है कि साहू का धनाढ्य परिवार अपने खजाने से पार्टी को लंबे वक्त से नवाजता रहा है। इसके एवज में कांग्रेस भी इस परिवार के सदस्यों को पावर कॉरिडोर में ऊंची रसूख देकर उपकृत करती रही है। खुद धीरज साहू ही इसके उदाहरण हैं, जो दो-दो बार लोकसभा का चुनाव हारने के बावजूद कांग्रेस के लिए इतने अहम रहे कि पार्टी ने उन्हें एक नहीं लगातार तीन बार राज्यसभा पहुंचाया।

धीरज साहू के बड़े भाई शिवप्रसाद साहू भी दो बार रांची लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद चुने गये थे। वर्ष 2001 में उनका निधन हो गया। धीरज साहू के एक अन्य भाई गोपाल साहू को कांग्रेस एक बार रांची विधानसभा क्षेत्र और एक बार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से टिकट दे चुकी है। हालांकि वह कोई भी चुनाव जीतने में सफल नहीं रहे। वह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष भी रहे हैं।

धीरज प्रसाद साहू के पिता बलदेव साहू पुराने कांग्रेसी, स्वतंत्रता सेनानी और तत्कालीन बिहार के प्रमुख व्यवसायियों में एक रहे। उन्हें ब्रितानी हुकूमत से राय साहब की उपाधि मिली थी। नेहरू, इंदिरा तक इस परिवार के दौलतखाने पर तशरीफ ला चुके हैं। आजादी के पहले और उसके बाद भी डॉ राजेंद्र प्रसाद, नेहरू, पटेल जैसे नेताओं ने राय बलदेव साहू का आतिथ्य स्वीकारा था। फिल्मी हस्तियां तो अक्सर इस परिवार की पार्टियों और समारोहों का हिस्सा बनती रही हैं।

साहू परिवार झारखंड के लोहरदगा का रहनेवाला है। इस परिवार ने बेशक सबसे ज्यादा कमाई शराब के कारोबार से की, लेकिन आज इनका दखल रियल इस्टेट, होटल, हॉस्पिटल, स्कूल, ट्रैवल से लेकर कई तरह के व्यवसायों में है। झारखंड के अलावा उड़ीसा, बंगाल और कई अन्य राज्यों में इनका कारोबार फैला है। परिवार के पास अब 80 से अधिक माइक्रो डिस्टिलरीज हैं, जहां महुआ फूल से शराब बनायी जाती है और खुदरा दुकानों में बेची जाती है। इसके अलावा, इसके पास ओड़िशा और झारखंड में आइएमएफएल के लिए बॉटलिंग प्लांट भी है।

साहू परिवार की बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड नामक जिस इंडस्ट्रियल इकाई के ठिकाने से सबसे ज्यादा कैश बरामद हुआ है, उसकी वेबसाइट में बताया गया है, परिवार 125 साल से भी ज्यादा वक्त से शराब के कारोबार में है और इसने सफलता की कई कहानियां गढ़ी हैं। शुरूआत स्वर्गीय राय साहेब बलदेव साहू के वंशजों से शुरू हुई, जो तत्कालीन छोटानागपुर (बिहार राज्य का प्रभाग, अब झारखंड) के अग्रणी और प्रतिष्ठित व्यवसायियों में से एक थे। वे जानते थे कि उन्हें सफल होना है और देशी शराब को अगले स्तर पर ले जाना है।

साहू ग्रुप की कुछ प्रमुख कंपनियों में बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड, बलदेव साहू इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड (फ्लाई ऐश ब्रिक्स,) क्वालिटी बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड (आईएमएफएल बॉटलिंग) और किशोर प्रसाद बिजय प्रसाद बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड आदि शामिल हैं।

(शेष पेज 02 पर)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,700 रु./10 ग्राम
चांदी 73,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 13 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# विपक्ष की जातीय राजनीति को भाजपा का नायाब जवाब

## ■ छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश में सीएम चयन में दिखाया सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूला

## ■ बिहार और झारखंड के साथ-साथ उत्तरप्रदेश में भी मच गयी सियासी खलबली

आजाद सिपाही विशेष

**नौ दिन पहले 3 दिसंबर को जब तीन हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ का चुनाव परिणाम आया, तभी से विपक्ष के खेमे में खलबली मची हुई है। इंडी गठबंधन के भी होश उड़े हुए हैं। चुनाव परिणाम से पहले कांग्रेस और उसके सहयोगी आश्वस्त थे कि इन तीनों राज्यों में कांग्रेस बड़े अंतर से जीतेगी। ज्यादातर एग्जिट पोल में भी कांग्रेस को ही विजेता के रूप में प्रस्तुत किया गया, कुछ एग्जिट पोल में मध्यप्रदेश को लेकर कांग्रेस के लिए संशय की स्थिति थी, लेकिन जब चुनाव परिणाम आया, तो विपक्ष के होश उड़ गये। इंडी खेमे में शांति पसर गयी। भाजपा का सीना 56 इंच और बढ़ गया। तीनों राज्यों में भाजपा ने शानदार जीत हासिल की। अब बारी थी तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के चयन की। भाजपा ने वक्त लिया। इस दौरान कांग्रेस के कुछ नेता और दरबारी भाजपा पर व्यंग्य कसने लगे। कहने लगे कि जब सब कुछ दो लोगों को ही तय करना है, तो तीन राज्यों में मुख्यमंत्री चुनने के लिए मंथन का ड्रामा क्यों? 'कौन बनेगा करोड़पति' की जगह अब भाजपा का 'कौन बनेगा मुख्यमंत्री' देखिए। जैसे ही कांग्रेस ने ऐसे व्यंग्य कसने शुरू किये, ठीक कुछ घंटों में कांग्रेस से राज्यसभा सांसद धीरज साहू प्रकरण शुरू हुआ। देश में हड़कंप मच गया। आइटी के छापे की खबर आयी कि 50 करोड़, 100 करोड़, 200 करोड़, 300 करोड़ कैश मिलना शुरू हो गया। कांग्रेस को समझ में नहीं आया कि अब क्या किया जाये। सो कांग्रेस ने कहा कि वे धीरज साहू के पैसे हैं, उससे हमारा कुछ लेना देना नहीं। अभी तो अडाणी का नाम भी उसके मुंह से सुनाई नहीं पड़ रहा। खैर अभी विपक्ष इस सदमे से उबरा भी नहीं था कि मोदी-शाह की जोड़ी ने ऐसा दांव चला कि विपक्ष की सारी भावी प्लानिंग धरी की धरी रह गयी। भाजपा ने छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्रियों का चयन कर विपक्ष के हथियार को भोथरा कर दिया। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों के चयन से मोदी और शाह की जोड़ी ने बिहार, झारखंड और उत्तरप्रदेश के मतदाताओं को बड़ा संदेश दे दिया है। एक तरफ जहां मध्यप्रदेश में मोहन यादव को मुख्यमंत्री चुन कर भाजपा ने यादव जाति को साधने और यूपी, बिहार की राजनीति को प्रभावित करने की काट खोज ली, वहीं झारखंड के पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बना कर आदिवासियों को साधने की पूरी कोशिश की है। इसका मैसेज झारखंड के आदिवासियों में अच्छा गया है। माना जा रहा है कि भाजपा का यह सोशल इंजीनियरिंग का फॉर्मूला लोकसभा चुनावों में मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता है। कैसे इन दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों और डिप्टी सीएम के चयन से भाजपा ने झारखंड, बिहार और उत्तरप्रदेश के मतदाताओं को साधने की कोशिश की है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

यह भाजपा और मोदी-शाह की जोड़ी की राजनीति ही है कि एक ही झटके में विपक्ष के सारे हथियार भोथरे साबित हो गये हैं। पहले छत्तीसगढ़ और फिर मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री के चयन में देरी जरूर हुई, लेकिन मोदी-शाह की जोड़ी ने एक आदिवासी और एक ओबीसी को सीएम की कुर्सी देने का फैसला कर विपक्ष की जातीय राजनीति का मुंहतोड़ जवाब दिया है।

मध्यप्रदेश के नये मुख्यमंत्री के रूप में मोहन यादव के चयन के साथ भाजपा ने एक साथ कई राजनीतिक समीकरणों को साध लिया है। मोहन यादव ओबीसी समाज से हैं, वहीं उनके डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा दलित हैं और राजेंद्र शुक्ला ब्राह्मण हैं। इसके अलावा नरेंद्र सिंह तोमर ठाकुर हैं, जिन्हें विधानसभा का स्पीकर बनाया जाना है। एमपी के एक दांव से भाजपा ने ओबीसी, दलित और सवर्णों को साधने का प्रयास किया है। लोकसभा चुनाव में यह समीकरण काफी असर दिखा सकता है। खासतौर से उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे यादव बाहुल्य इलाकों में भाजपा ने कई स्थानीय पार्टियों के सियासी समीकरण बिगाड़ दिये हैं। जानकारों की मानें, तो मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के नये मुख्यमंत्री का नाम आनेवाले लोकसभा चुनाव के लिहाज से भाजपा के लिए एक बड़ा पॉलिटिकल शॉट माना जा रहा है। जब से बिहार में जातिगत जनगणना हुई है, इंडी गठबंधन को लगा कि उसके पास अब चुनाव जीतने का ऐसा मंत्र हाथ लग गया है कि जैसे ही वह यह मंत्र बोलेगा, भाजपा भस्म हो जायेगी। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में इस मंत्र का खूब उच्चारण किया, लेकिन जब नतीजा आया, तो हिंदी पट्टी के इन तीन राज्यों से कांग्रेस का सफाया हो गया। वैसे राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार के दौरान एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि हमसे छत्तीसगढ़ की सत्ता जा रही है, राजस्थान की जा रही है। उसके बाद उन्हें खयाल आया कि अरे उन्होंने तो उल्टा बोल दिया। लेकिन कहते हैं न कि कभी-कभी जुबान पर किसी समय मां सरस्वती का वास होता है। बस राहुल गांधी की इच्छा सुन ली गयी और तीनों राज्य हाथ से चले गये। वैसे विपक्ष की जातीय राजनीति की काट भाजपा ने ढूंढ़ निकाली है। जैसे लोहा लोहे को काटता है, भाजपा ने भी वही फॉर्मूला अप्लाई कर दिया है, यानी सोशल इंजीनियरिंग का फॉर्मूला।



### अखिलेश यादव और लालू यादव को झटका

जैसे ही मध्यप्रदेश में भाजपा ने मोहन यादव का नाम मुख्यमंत्री के रूप में घोषित किया, जाहिर है उत्तरप्रदेश में अखिलेश यादव और बिहार में नीतीश और लालू यादव की सियासत को बड़ा झटका जरूर लगा होगा। बता दें कि मोहन यादव मूल रूप से उत्तरप्रदेश के ही हैं। इनके 'एमवाइ' समीकरण में 'वाइ', यानी यादव को तो भाजपा ने साध ही लिया है, 'एम' यानी मुस्लिम वैसे भी भाजपा को वोट नहीं देते। तो कम से कम विपक्ष के आधे समीकरण को तो भाजपा प्रभावित करने की कोशिश कर ही रही है।

इस बार लोकसभा चुनावों में भाजपा का फोकस 400 पार है। भाजपा कहीं से भी चूक नहीं करना चाहती। इसलिए चाहे जाति का कार्ड हो, धार्मिक मुद्दे हों, या विकास का पैमाना हो, भाजपा खुद को हर मुद्दे पर फ्रंट फुट पर रखना चाहती है। वैसे मध्यप्रदेश में भी पिछड़ों की आबादी में यादवों की बहुतायत है, जबकि उत्तर प्रदेश और बिहार में तो सियासी समीकरणों के नजरिये से यादव समुदाय सबसे अधिक प्रभावशाली माना जाता है। ऐसे हालात में मोहन यादव के नाम से उत्तरप्रदेश और बिहार की सियासत में भाजपा ने बड़ी सेंधमारी करने की कोशिश तो की ही है। जब पूरे देश में जातीय जनगणना की चर्चा हो रही है और कहा जा रहा है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में यह मुद्दा मजबूती के साथ काम करेगा, तब भाजपा का यह दांव सटीक बैठा है। इस मुद्दे पर समाजवादी पार्टी के कर्ता-धर्ता अखिलेश यादव से लेकर लालू-नीतीश और कांग्रेस पार्टी भी फ्रंट फुट पर खेल रही है। ऐसे में भाजपा ने मोहन यादव का नाम सामने कर विपक्ष की सियासत में बड़ी हलचल पैदा कर दी है। बिहार में जिस प्रकार से नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना के जरिये उसके आधार पर आरक्षण की व्यवस्था भी कर दी, वैसे में यह विपक्ष का बड़ा सियासी दांव माना जा रहा है। भाजपा भी इसे हलके में नहीं लेना चाहेगी। इसलिए भाजपा ने जिस तरीके से चुपचाप नये मुख्यमंत्री का नाम घोषित किया, उससे भाजपा ने विपक्ष के दांव की काट ढूंढ़ निकाली है। उसने मैसेज दे दिया है कि अब भाजपा भी इस लाइन पर काम करने के लिए तैयार है।

### यूपी में यादवों का दबदबा

यूपी की 24 करोड़ आबादी में यादवों की हिस्सेदारी करीब 9-10 फीसदी है। इसके साथ ही प्रदेश में 54 जिले हैं और इनमें से 12 जिलों में यादवों की आबादी लगभग 20 प्रतिशत है, जिसमें आजमगढ़, देवरिया, गोरखपुर, बलिया, गाजीपुर, बनारस, जौनपुर, बदायूं, मैनपुरी, एटा, इटावा और फर्रुखाबाद और कुछ अन्य जिले शामिल हैं। जानकारों की मानें, तो 2022 के विधानसभा चुनावों में 83% यादवों ने एसपी को वोट दिया था।

बिहार में यदुवंशियों पर भाजपा की नजर

बिहार में हाल ही में जारी जाति-आधारित सर्वेक्षण आंकड़ों के अनुसार राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग में यादवों की आबादी सबसे बड़ी है, जिनकी कुल आबादी 14.26% है। भाजपा की बिहार इकाई ने 21,000 से अधिक यदुवंशियों (यादव समुदाय के सदस्यों) को पार्टी में शामिल कराया है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने मुस्लिम-यादव मतदाता के दम पर ही बिहार में 15 वर्षों तक शासन किया। आज भी राजद का बिहार में दबदबा है, तो 'एमवाइ' समीकरण के बल पर ही।

### छत्तीसगढ़ से झारखंड फतह की तैयारी

भाजपा ने विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ की कमान सौंपी है। साय राज्य के बड़े आदिवासी नेता हैं। वह आरएसएस के करीबी भी हैं। इसके साथ ही भाजपा ने विजय शर्मा और अरुण साव को राज्य का डिप्टी सीएम बनाया है। छत्तीसगढ़ की इस तिकड़ी से भाजपा ने एक साथ तीन कार्ड चल दिये। विजय शर्मा की छवि कट्टर हिंदू की है। वहीं अरुण साव ओबीसी समुदाय से आते हैं। छत्तीसगढ़ का यह फॉर्मूला मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। अब बात झारखंड की करते हैं। जैसे ही भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया, तो भाजपा ने यह मैसेज दे दिया कि झारखंड में भाजपा की तरफ से अगला मुख्यमंत्री का चेहरा आदिवासी ही होगा। वैसे बाबूलाल मरांडी संथाल पर पूरा फोकस किये हुए हैं। माना जा रहा है झारखंड में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव आसपास ही होगा। बाबूलाल भी विष्णुदेव साय की तरह आदिवासी चेहरा हैं। बाबूलाल मरांडी झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री रह चुके हैं। बाबूलाल की खासियत यह है कि उनकी झारखंड में आदिवासियों के साथ-साथ अन्य समाज के मतदाताओं में भी गहरी पैठ है। बाबूलाल मरांडी शुरुआती दिनों से ही आरएसएस से जुड़े हुए थे। दरअसल जब भाजपा 2019 में सत्ता से बेदखल हो गयी थी, उसे उस वक्त ही अंदाजा लग गया था कि उसकी हार का कारण क्या था। आदिवासी भाजपा से बिदक गये थे। विधानसभा में आदिवासियों के लिए आरक्षित 28 सीटों में से भाजपा सिर्फ दो ही जीत सकी थी, जबकि 44 सामान्य के लिए हैं और नौ सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। झारखंड विधानसभा में कुल 81 सीटें हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद महागठबंधन ने जल, जंगल, जमीन का मुद्दा उठा कर आदिवासियों को गोलबंद किया था। भाजपा राज्य में 25 सीटों पर ही हांफ गयी। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निरंतर प्रयास से भाजपा धीरे-धीरे आदिवासियों का विश्वास जीतने में कामयाब भी हो रही है। छत्तीसगढ़ की जीत में आदिवासियों का बहुत बड़ा हाथ है। आदिवासियों ने भाजपा को दिल खोल कर वोट दिया है। भाजपा यही चाहेगी कि झारखंड की सत्ता की चाबी फिर से उसके पास हो। इसलिए भाजपा ने झारखंड के पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में दांव चल कर एक साथ दोनों राज्यों के आदिवासियों को साधने का प्रयास किया है।

# कांग्रेस के लिए दशकों से खुला रहा है धीरज साहू के परिवार का खजाना, बदले में पावर कॉरिडोर में मिलती रही ऊंची रसूख



पेज एक का शेष...

रांची में साहू के भाई-भतीजे और परिवार के लोग आर्या होटल, सफायर इंटरनेशनल स्कूल, सैंटेविटा हॉस्पिटल जैसे कई संस्थान-प्रतिष्ठान संचालित करते हैं। धीरज साहू के पिता बलदेव साहू के नाम पर लोहरदगा में बीएस साहू डिग्री कॉलेज भी है। हालांकि यह अब सरकारी तौर पर संचालित होता है।

23 जनवरी 1955 को जन्मे धीरज साहू ने बीए तक की पढ़ाई की है। उन्होंने एनएसयूआइ के जरिए राजनीति में कदम रखा था। 1977 में वह लोहरदगा में यूथ कांग्रेस से जुड़े। इसके बाद वे जिला और प्रदेश कांग्रेस कमेटी में विभिन्न पदों पर रहे। 2009 में धीरज साहू ने कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चतरा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन इसमें उन्हें सफलता नहीं मिली।

लेकिन करीब डेढ़ महीने बाद ही कांग्रेस ने राज्यसभा के लिए हुए उपचुनाव में उन्हें उतारा और वे उच्च सदन पहुंचे। उन्हें पहली बार राज्यसभा का टिकट दिलाने में झारखंड कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू का अहम रोल माना जाता रहा है। 2010 में वे दूसरी आर राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए और 2018 में तीसरी बार। राज्यसभा सदस्य के रूप में उनका यह कार्यकाल 2024 तक है।

आइटी छापों के बाद धीरज साहू की कई तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिनमें वह कहीं रायफल के साथ दिख रहे हैं तो कहीं चीते और बाघ के साथ पोज दे रहे हैं। धीरज साहू की अपनी एक वेबसाइट है, जिसमें बताया गया है कि वे वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी और बोटिंग के शौकीन हैं। इसके अलावा वह शूटिंग में भी हाथ आजमाते रहे हैं। वह लोहरदगा में अक्सर वृहत स्तर पर धार्मिक प्रवचन का कार्यक्रम करवाते रहे हैं। साहू परिवार का रांची स्थित आवास सुशीला निकेतन रेडियम रोड में स्थित है, जो इस शहर का सबसे भव्य बंगला माना जाता है।

# किसानों को लाभकारी मूल्य के लिए मोदी सरकार प्रतिबद्धः मुंडा

**केंद्रीय कृषि मंत्री ने प्याज के संबंध में की समीक्षा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने किसानों से प्याज की खरीद के संबंध में मंगलवार को कृषि भवन में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में श्री मुंडा ने कहा कि किसानों को लाभकारी मूल्य मिले, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा है कि देश में प्याज उत्पादक किसान की भी मोदी सरकार चिंता करती आयी है और आगे भी उनके हितों के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी। चालू वर्ष में सरकार ने एनसीसीएफ और नेफेड को बफर स्टॉक के लिए सात लाख टन प्याज खरीदने का निर्देश दिया था। अब तक दो चरणों में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान और आंध्रप्रदेश से प्याज की खरीद की गयी है, वहीं गुजरात के किसानों से भी एजेंसियों द्वारा प्याज खरीदने का प्रयास किया जा रहा है। किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करने के लिए एनसीसीएफ और नेफेड ने किसानों एवं एफपीओ के बीच जागरूकता का प्रचार-प्रसार करते हुए पंपलेट वितरित करना शुरू किया है। साथ ही गुणवत्तापूर्ण उपज खरीदकर किसानों को सही कीमत देने के उद्देश्य से व्यापक प्रचार और किसानों तक पहुंच के लिए विज्ञापन भी प्रकाशित किये जा रहे हैं। बैठक के दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के विशेष सचिव ने बताया कि प्याज की अधिक बुआई के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य सरकारों के साथ बैठक की गयी है।



# गरीब कैदियों को सहायता के लिए बनी योजना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गरीब कैदियों को आर्थिक रूप से मदद देने का प्रावधान, लोकसभा में सांसद संजय सेठ के सवाल पर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री का दिया जवाब**



**रांची।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने लोकसभा में सांसद संजय सेठ को बताया कि गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता प्राप्त करने के उद्देश्य से भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने गरीब कैदियों को सहायता नामक एक योजना तैयार की है। इस योजना का उद्देश्य ऐसे गरीब कैदियों को राहत प्रदान करना है, जो जुर्माने की राशि भुगतान करने में असमर्थ हैं।

लोकसभा में सांसद संजय सेठ ने अतारांकित प्रश्नकाल में जेल में निर्धारित सीमा से अधिक कैदियों के लिए योजना, गरीब कैदियों के लिए सहायता, कैदियों के लिए बनी योजनाओं के प्रभावी और निष्पक्ष कार्यान्वयन, योजना के उद्देश्यों की प्रगति सहित कई मामलों पर भारत सरकार से सवाल किया था। इसी के जवाब में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने बताया कि के गरीब कैदियों को सहायता योजना को लागू करने के लिए जिले में एक अधिकार प्राप्त समिति गठित करने की सलाह दी गयी है। जो ऐसे मामलों में कैदियों को दी जानेवाली वित्तीय सहायता और आवश्यकता का आकलन करेगी। समिति द्वारा लिये गये निर्णय के आधार पर जिला के कलेक्टर, जिला के मजिस्ट्रेट, केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये उपयुक्त धनराशि को आहरित करेंगे और कैदी को वित्तीय सहायता उपलब्ध करायेंगे। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने यह भी बताया कि किसी कानून के तहत अपराध के लिए निर्धारित अधिकतम कारावास की अवधि की आधी अवधि की सजा यदि कोई विचाराधीन कैदी काट लेता है, तो उसे जमानत पर रिहा करने का प्रावधान भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता में किया गया है। इसके अलावा आदर्श कारागार मैनुअल 2016 में कानूनी सहायता और विचाराधीन कैदी आदि पर विशेष अध्याय जोड़ गए हैंए जिसमें विचाराधीन कैदियों को उपलब्ध करायी जा सकने वाली सुविधाओं के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही जेल में विधिक सेवा क्लीनिक स्थापित किये गये हैं, जो जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करते हैं। इन क्लीनिकों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि सभी कैदियों को उनके पक्ष रखने के लिए अधिवक्ता उपलब्ध हो जाये और उन्हें कानूनी सहायता और सलाह भी उपलब्ध हो सके। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत कारागार में बंद व्यक्ति मूल रूप से राज्य सूची के विषय हैं। कारागारों और कैदियों के प्रशासन और प्रबंधन की जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की होती है। बावजूद इसके भारत सरकार समय.समय पर इस मुद्दे पर राज्यों को समाधान करने का दिशा-निर्देश और सुझाव देती रहती है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.8 °c | 10.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.05 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.21 बजे |



# हेमंत सरकार युवाओं को ठगने का रिकॉर्ड बना रही : बाबूलाल

**झारखंड के युवा हेमंत को राजनीतिक बेरोजगार बना देंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फिर कटघरे में खड़ा किया। झारखंड कर्मचारी आयोग द्वारा आगामी 16-17 दिसंबर को आयोजित होनेवाली झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी सीमित प्रतियोगिता परीक्षा को स्थगित किये जाने को लेकर हेमंत सरकार की असमर्थता को बताया। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी की असमर्थता नहीं है। कहा कि झारखंड में सरकारी नौकरी की प्रतीक्षा कर रहे लाखों अभ्यर्थियों को हेमंत सरकार ने फिर एक बार धोखा दिया है। दरअसल यह सरकार युवाओं को नौकरी नहीं देना चाहती। हेमंत सरकार की न नीति साफ है न नीयत। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी राज्य सरकार ने रघुवर सरकार द्वारा निकाली गयी वैकेंसी को पूरी तरह रद्द कर दिया था। कहा कि मुख्यमंत्री जो कुछ नौकरी दे रहे, वह रघुवर दास सरकार द्वारा ली गयी परीक्षाओं की है, जिसे उनकी सरकार ने न्यायालयों में उलझा दिया। आज जो नियुक्तियां हो रहीं, वह सब न्यायालय के आदेश के आलोक में हो रही। श्री मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव में युवाओं से प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरी देने, बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया, वोट लिया और फिर बेरोजगार बना कर छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि अब झारखंड के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राजनीतिक बेरोजगार बनाने को तैयार हैं।



## प्रदेश भाजपा ने नवनियुक्त सीएम को दी बधाई

रांची। प्रदेश भाजपा ने राजस्थान के नवमनोनीत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा को बधाई दी। स्पीकर वासुदेव देवनानी को भी बधाई दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजस्थान की सरकार लोक कल्याण के लिए समर्पित रहेगी। कहा कि सबका साथ, सबका विकास, अंत्योदय, युवा महिला किसान सशक्तिकरण को तेजी से धरातल पर उतारना ही मोदी की गारंटी है।

# तीन साल में 2,29156 प्रधानमंत्री आवास मिले

**दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में प्रधानमंत्री आवास से संबंधित सवाल पूछा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सांसद दीपक प्रकाश ने भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय से राज्यसभा में अतारांकित प्रश्न के माध्यम से झारखंड में प्रधानमंत्री आवास निर्माण की अनुमानित संख्या, कितने पूर्ण हुए, कितने निमार्णाधीन हैं और इसके पूर्ण होने में देरी के कारणों से संबंधित जानकारी मांगी। श्री प्रकाश के सवालों का जबाब देते हुए आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने बताया कि यह मांग आधारित योजना है और भारत सरकार ने आवासों के निर्माण के लिए कोई लक्ष्य तय नहीं किया है। पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान देश और झारखंड में स्वीकृत आवासों की संख्या 2,29156 है। अभी भी झारखंड में 95,894 आवास पूर्ण नहीं हुए हैं।

## डेली मार्केट फल मंडी में लगी भीषण आग



रांची। महात्मा गांधी मार्ग यानी मेन रोड स्थित डेली मार्केट फल में मंगलवार की रात भीषण आग लग गयी। इस घटना में कई दुकानें जलकर राख हो गयीं। आग लगने के बाद मार्केट में अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों ने नल, बाल्टी और बर्तन से पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास किया, हालांकि आग पर काबू नहीं पाया जा सका। फिर इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गयी, जिसके बाद अग्निशमन विभाग का वाहन मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया।


भारतीय रेल
आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत सरकार, रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड)
सं. 2022/आरएस(डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/532 नई दिल्ली, दिनांक 12.12.2023
निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532 के लिए शुद्धि पत्र सं. 13
विषय :– सरकारी विनिर्माण इकाइयों एवं ट्रेनसेट डिपुओं के अपग्रेडेशन सहित वितरित शक्ति प्रणाली वाले नए जनरेशन के ऊर्जाक्षम वंदे भारत ट्रेनसेटों के विनिर्माण–सह–अनुरक्षण के लिए दिनांक 15.12.2023 को खोली जाने वाली ई–निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532.
विषयगत निविदा को खोले जाने की तारीख 15.12.2023 से स्थगित कर के 31.01.2024 (बुधवार) कर दी गई हैं।
भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अतिरिक्त ब्यौरों के लिए https://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।
कार्यपालक निदेशक/रेल भंडार (आरएस), रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड, नई दिल्ली–110001
ईमेल - drsm@rb.railnet.gov.in
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3913/2023



राँची एवं हटिया प्रत्येक स्टेशन में ई-निविदा के जरिए 02 कैटेरिंग यूनिट की सुपुर्दगी हेतु निविदा अधिसूचना
भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। (1) **निविदा अधिसूचना सं.:** सीएटीजी-स्टॉल-13-जीएमयू-डब्ल्यू-आरएनसी; **कैटरिंग यूनिट:** फल एवं फलों के रस का स्टॉल-13, **स्टेशन:** राँची, **स्थान:** प्लेटफॉर्म नं. 4/5, खम्भा नं. आरएनसी/3019 के बगल में। **न्यूनतम वार्षिक आरक्षित मूल्य:** रु. 1,86,004; **बयाना राशि:** रु. 48,400; (2) **निविदा अधिसूचना सं.:** सीएटीजी-स्टॉल-25-जीएमयू-डब्ल्यू-एचटीईएस; **कैटरिंग यूनिट:** सीएटीजी. स्टॉल-25, **स्टेशन:** हटिया, **स्थान:** सर्कुलेटिंग एरिया (एसबीआई एटीएम के संलग्न)। **न्यूनतम वार्षिक आरक्षित मूल्य:** रु. 6,21,254; **बयाना राशि:** रु. 1,61,600; **आरक्षित श्रेणी:** दोनों के लिए जीएमयू/महिला। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** दोनों के लिए प्रत्येक कैटेरिंग यूनिट हेतु निविदा के लिए रु. 2,500/- साथ में 18% जीएसटी। **अनुबंध की अवधि:** दोनों के लिए 5 वर्ष। (1) सम्पूर्ण बोली प्रक्रिया ऑनलाइन (ई-निविदा) होगी। इस निविदा सूचना दिनांकित 04.01.2024 के संबंध में सभी अधिसूचनाएं वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित की गई है। (2) बोली दस्तावेज दिनांक 11.12.2023 से 04.01.2024 तक वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा एवं अपलोड किया जा सकता है। (3) बोली इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में दिनांक 11.12.2023 से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जमा की जा सकती है। बोली जमा करने की अंतिम तारीख 04.01.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक है तथा दिनांक 04.01.2024 को अपराह्न 3.30 बजे खोली जाएगी।
(PR-901) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, राँची
दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा


# बेहतर झारखंड बनाने के लिए सबकी भागीदारी सुनिश्चित करेगी आजसू पार्टी : देवशरण भगत

**आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्यों की घोषणा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि केंद्रीय महाधिवेशन आजसू पार्टी की सर्वोच्च बॉडी है, जहां नीतियां बनती हैं, भावी कार्यक्रम बनते हैं। संविधान में संशोधन किया जाता है और केंद्रीय पदाधिकारी को नया दायित्व दिया जाता है। बेहतर झारखंड बनाने के लिए सबकी भागीदारी सुनिश्चित आजसू पार्टी करेगी। डॉ देवशरण भगत हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 29-30 सितंबर और एक अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन समापन हुआ था। इसमें गांव, पंचायत, प्रखंड, जिला और केंदीय पदाधिकारी के साथ राज्य के आम नागरिक, विशेषज्ञ, बुद्धिजीवी, देश-विदेश से अपने विचारों को झारखंड के हित के लिए एक मंच में रखा। पार्टी ने केंद्रीय महाधिवेशन को सिर्फ पार्टी का महाधिवेशन नहीं, बल्कि आम जनमानस को एक वैचारिक मंच देने का काम किया था। उन्होंने कहा कि पहली बार गांव से लेकर देश विदेश तक के लोग महाधिवेशन में भाग लिये। यह ऐतिहासिक महाधिवेशन था। इसी क्रम में संगठन के केंद्रीय समिति के सदस्यों की घोषणा केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की सहमति के बाद की गयी। केंद्रीय महाधिवेशन में लिये गये निर्णय के अनुसार केंद्रीय समिति में 50 प्रतिशत युवा, 30 प्रतिशत महिला के साथ सभी जाति, धर्म, क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का निर्णय लिया। इसी क्रम में राज्य के सभी 24 जिलों से 498 केंद्रीय समिति के सदस्यों के नामों की घोषणा की गयी। मंगलवार को केंद्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की जायेगी।

## सीएमओ से इडी कार्यालय पहुंचा कर्मी, सौंपा पत्र

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूछताछ के लिए इडी कार्यालय नहीं पहुंचे। इडी ने समन जारी कर जमीन घोटाले मामले में पूछताछ के लिए मंगलवार को बुलाया था। मुख्यमंत्री पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दुमका चले गये। हालांकि मुख्यमंत्री कार्यालय से एक कर्मी गोपनीय पत्र लेकर मंगलवार दोपहर इडी ऑफिस पहुंचा और कार्यालय में पत्र सौंपा। इस पत्र के सौंपे जाने को लेकर नये समन जारी होने की चर्चा तेज होने लगी है।

## धीरज साहू के घर के नीचे जिओ सर्विलांस सिस्टम से हो रही जांच

**रांची।** आइटी की टीम ने राज्यसभा सांसद धीरज साहू के रेडियम रोड स्थित घर के परिसर की जांच शुरू की है। आइटी की टीम जिओ सर्विलांस सिस्टम मशीन के माध्यम से मिट्टी के अंदर छुपा कर रखे गये जेवरात सहित अन्य सामानों को खोजने में जुटी हुई है। बताते चलें कि सांसद धीरज साहू के ओड़िशा स्थित ठिकानों पर आइटी की छापेमारी मंगलवार को समाप्त हो गयी। इसके बाद आयकर अधिकारी और सीआइएसएफ कर्मी चले गये। धीरज साहू से संबंधित ठिकानों पर छह दिन तक आइटी छापेमारी जारी रही। इससे पहले सोमवार तक आयकर विभाग की टीम ओड़िशा के बलांगीर स्थित सूदपाड़ा में बलदेव साहू इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के परिसर में छापेमारी कर रही थी। वहीं दूसरी ओर जब्त किये गये पैसे को आयकर विभाग के बलांगीर एसबीआइ शाखा में जमा करा दिया है।

# धनबाद जेल हत्याकांड में अब एसआइटी करेगी जांच

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** धनबाद जेल में गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या के बाद स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि इस मामले की जांच एसआइटी से करायी जायेगी। इस पर अदालत ने उन्हें शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है, पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने इस मामले में बड़ी साजिश होने की बात कहते हुए राज्य सरकार को एसआइटी जांच कराये जाने के संबंध में जवाब मांगा था। अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए जनवरी के पहले सप्ताह की तिथि निर्धारित की है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंदा सेन की खंडपीठ में सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा।

# होमगार्ड एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव के साथ मारपीट

**मानवाधिकार आयोग ने डीजीपी से मांगी रिपोर्ट**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव के साथ मारपीट के मामले में मानवाधिकार आयोग ने डीजीपी से रिपोर्ट मांगी है।

महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने धुर्वा थाना के पूर्व थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज और फर्जी केस करने को लेकर मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराया था।

इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मानवाधिकार आयोग ने कार्रवाई करने का निर्देश पुलिस अधीक्षक रांची को दिया था। इसके आलोक में हटिया पुलिस उपाधीक्षक के द्वारा जांच करते हुए जांच प्रतिवेदन मानवाधिकार आयोग को समर्पित किया गया था। इस जांच रिपोर्ट के आधार पर मानवाधिकार आयोग ने राजीव तिवारी से उनका पक्ष मांगा था। राजीव तिवारी ने इस जांच रिपोर्ट पर असहमति जताते हुए मानवाधिकार आयोग को संपूर्ण तथ्यों के साथ जांच रिपोर्ट की खामियां बतायी थीं। इसके आलोक में मानवाधिकार आयोग ने पुनः संज्ञान लेते हुए 8 जनवरी तक कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट की मांग डीजीपी से की है।


पूर्व तट रेलवे
ई-निविदा सूचना सं.ETELCONBBST-346EER, दिनांक : 07.12.2023
कार्य का नाम : तालचेर-विमलागढ़ नयी रेल लिंक प्रोजेक्ट के निर्माण से संबंधित सुनाखनी-सामल सेक्शन के बीच 01 संख्यक टनल का सामान्य विद्युतीकरण।
कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) : 92.04 लाख, EMD (रुपये में) : 1,84,100/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 06 महीने।
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: दिनांक 01.01.2024 को 1200 बजे।
ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनःअवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।
निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B/G एवं G1 जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।
उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण-I/ भुवनेश्वर
PR-103/CG/23-24


# गोवा सरस मेला में ब्रांड पलाश की धूम

**4.75 लाख के उत्पादों की हुई बिक्री**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



रांची। गोवा सरस मेला 2023 में झारखंड के पलाश ब्रांड के उत्पादों की खूब बिक्री हुई। मेला का समापन हो गया है। अब तक करीब 4.75 लाख रुपये के उत्पादों की बिक्री की गयी। ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जेएसएलपीएस के जरिये वहां पर स्टॉल लगाया गया था, जहां सखी मंडल द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री की गयी। राज्य के दो स्टॉल वहां लगे थे, जहां पलामू, धनबाद और गढ़वा से आयी सखी मंडल की महिलाओं द्वारा तैयार किये गये विभिन्न प्रकार के उत्पादों जैसे जूट बैग, हस्तनिर्मित सजावटी सामान और खाने के समान की बिक्री की गयी। शुद्ध सरसों तेल, अचार, मसाले, दाल की सर्वाधिक बिक्री हुई। मेले के समापन समारोह के अवसर पर राज्य के ग्रामीण विकास विभाग के राज्य समन्वयक अमरेश कुमार, मोहम्मद शहजाद आलम को गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सांवत द्वारा सम्मानित भी किया गया। पलामू जिले के टोना आजीविका सखी मंडल से जुड़ी ललिता देवी ने कहा कि इस मेले में आकर बहुत अच्छा लगा। यहां के लोगों ने हस्तनिर्मित समानों को काफी पंसद किया।

# कृषि विभाग के अवर सचिव के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कृषि विभाग के अवर सचिव सह तत्कालीन हेहल सीओ अनिल कुमार सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। पंडरा में आदिवासी जमीन को फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने के मामले में पूर्व सीओ अनिल कुमार सिंह के खिलाफ वारंट जारी हुआ है। इस मामले में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने डोरंडा थाना क्षेत्र के रहने वाले चंद्र भूषण सिंह समेत कई अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था। इन सभी पर आरोप है कि वे हेहल सीओ अनिल कुमार के सहयोग से करीब साढ़े चार एकड़ आदिवासी जमीन को संजय साहू नाम के व्यक्ति से रजिस्ट्री करा लिया था। इस मामले में भूषण प्रसाद सिंह समेत अन्य के खिलाफ पंडरा ओपी में बीते 24 मई 2017 को कांड संख्या 260 /17 दर्ज किया गया था।

## सीएम ने प्राथमिकी दर्ज करने की दी थी अनुमति

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हेहल के सीओ अनिल कुमार सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की अनुमति दे दी थी। सीओ अनिल कुमार सिंह पर आय से अधिक संपत्ति मामले में सीएम ने प्राथमिकी दर्ज करने की अनुमति दी गयी थी। अनिल कुमार सिंह के खिलाफ निलंबन के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 29 जनवरी 2021 को स्वीकृति दी थी। सीओ पर कई तरह के आरोप लगे थे। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा अंचल अधिकारी के खिलाफ मिली शिकायतों को लेकर गठित आरोप पत्र और उनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण पर रांची डीसी द्वारा दिये गये सुझाव पर यह निर्णय लिया गया है। डीसी ने अपने मंतव्य में सीओ के स्पष्टीकरण को संतोषजनक नहीं बताया था।

# अल्बर्ट एक्का सम्मान समिति ने पीएम से किया शहीद के पैतृक गांव का दौरा करने का आग्रह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** परमवीर अल्बर्ट एक्का सम्मान समिति के डॉ विजय राज ने कहा कि समिति प्रधानमंत्री से अल्बर्ट एक्का के गांव के भ्रमण का आग्रह करती है। गुमला के जारी स्थित अल्बर्ट एक्का के पैतृक गांव का अगर प्रधानमंत्री दौरा करते हैं, तो समिति गुमला जिले की सभी 159 पंचायतों में एक निःशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन करेगी। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ शंभू प्रसाद सिंह ने कहा कि अल्बर्ट एक्का आनेवाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। एक्का के साहस ने कई आदिवासी युवाओं को सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इससे गुमला, सिमडेगा और खूंटी जैसे आदिवासी बहुल जिलों में बेरोजगारी में काफी कमी आयी। मौके पर डॉ अटल पांडेय, प्रो अवधेश ठाकुर समेत अन्य मौजूद रहे।

## दो सप्ताह में सरकार से मांगा जवाब

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट में धनबाद मंडल कारा में कुख्यात शूटर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर देने के मामले की सुनवाई मंगलवार को हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि राज्य सरकार ने इस मामले में एसआइटी बनाने का निर्णय लिया है। इस पर कोर्ट ने सरकार को दो सप्ताह में एसआइटी के संबंध में विस्तृत जानकारी देने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। सरकार की ओर से अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने पक्ष रखा।

## भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर बन रही फिल्म

# केबीसी में अमिताभ बच्चन ने लांच किया पोस्टर

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा की वीरता और संघर्ष पर बन रही फिल्म के पोस्टर की लांचिंग महानायक अमिताभ बच्चन ने केबीसी के कार्यक्रम के दौरान किया। बिग बी ने फिल्म का पोस्टर लांच करते हुए अभिनेता सुची कुमार बधाई दी। कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ऐसे महान क्रांतिकारी और योद्धा थे, जिन पर फिल्म बनाया जाना बहुत ही कठिन है। धरती आबा पर फिल्म बनाने की पूरी तैयारी कर ली गयी है। साल 2024 के मार्च महीने में भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू से फिल्म की शूटिंग शुरू करने की बात कही गयी है।

## सुची कुमार निभायेंगे बिरसा मुंडा का किरदार

इस फिल्म में अभिनेता सुची कुमार भगवान बिरसा मुंडा का किरदार निभायेंगे। वहीं फिल्म के निदेशक एन राघवन हैं। भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी से प्रभावित होकर वह फिल्म बनाने के लिए काफी गंभीर हैं। अभिनेता ने कहा कि इस फिल्म को लेकर बीते पांच सालों से भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर अध्ययन कर रहा हूं। अभिनेता ने बताया कि उन्होंने भगवान धरती आबा के गांव जाकर उनके परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की और काफी बारीकी से पूरी जानकारी लेने की कोशिश की। साथ ही पुराने लोगों से मिलकर उनके रहन सहन, जीवन यापन पर जानकारी लेकर अन्य विषयों पर भी निरंतर अध्ययन कर रहे हैं। अभिनेता ने बताया कि लेखक मनीष कुमार पांडेय के द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा पर एक पुस्तक लिखी गयी है, जिसका प्रकाशन राज मंगल पब्लिकेशन के द्वारा किया गया है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

**मेष** – आर्थिक लाभ, व्यापार व व्यवसाय में उलझनों से राहत मिलेगी. कार्य पूरा करने में व्यस्तता रहेगी।

**वृष** – रोजी-रोजगार के हालत सुधरेंगे. बाधाएं तो आयेगी परंतु आप सूझ-बूझ से उनसे छुटकारा पा लेंगे।

**मिथुन** – भाग्योन्नति के अवसर प्राप्त होंगे,व्यवसाय में लाभ होगा. लाटरी में पैसा न लगायें।

**कर्क** – सम्पति संबंधी अनेक समस्याएं उत्पन्न होंगी, आय कम होगी. जिसके कारण बचत कम होने से मन उदास रहेगा।

**सिंह** – आप इस समय किसी राजकीय विपत्ति के शिकार हो सकते हैं, व्यावसायिक उलझनें भी बढ़ने की संभावना।

**कन्या** – प्रयास व परिश्रम से सफलता मिलेगी, मनोवांछित कार्य पूरे होंगे, रोमांस के लिए समय ठीक है।

**तुला** – विवाह आदि उत्सवों की योजना बनेगी,परिवार में शुभ व धार्मिक कार्य होंगे।

**वृश्चिक** – परिवार में कोई खुशी का अवसर आयेगा. रिश्तेदार व मित्रों से मेल-मिलाप होगा।

**धनु** – परिश्रम-प्रयत्न से आय में आशानुकूल वृद्धि होगी, शुभ कार्य की ओर प्रवृत्ति बढ़ेगी।

**मकर** – दैनिक कार्य सरलता से पूरे होंगे, जिस कार्य के लिए प्रयास करेंगे वह पूरा होने की संभावना है।

**कुंभ** – आज आप व्यस्त रहेंगे,लंबित काम निपटायेंगे, स्थितियां धीरे-धीरे सामान्य होती जायेगी।

**मीन** – समय कष्टकारी है, बिना पढ़े किसी कागज पर हस्ताक्षर न करें, अत्यधिक विश्वास घातक हो सकता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 13 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## महत्वपूर्ण खबरें

### वैश्य मोर्चा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंप कर रामगढ़ जिले के पतरातू थाना अंतर्गत भदानीनगर ओपी में दर्ज केस की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की मांग की। जिला प्रशासन की ओर से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी तपन कुमार साहा ने वैश्य मोर्चा के ज्ञापन को लिया। वैश्य मोर्चा ने ज्ञापन में लिखा है कि राजेंद्र प्रसाद साहू वैश्य मोर्चा के कोषाध्यक्ष हैं और विष्णु इंटरप्राइजेज नामक कंपनी के मालिक भी हैं। राजेंद्र प्रसाद साहू को रामगढ़ जिले के भदानीनगर ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद द्वारा झूठे केस से जोड़ने लिये उनके समान को पकड़ कर जब्त कर लिया है और पहले पैसे की मांग की गयी, नहीं देने पर केस दर्ज कर दिया है। अगर पुलिस द्वारा इसी तरह निर्दोष लोगों को बेवजह परेशान किया जाता रहा, तो लोगों का कानून से भरोसा उठ जायेगा। मांग है कि यह केस फर्जी है। इस मामले में लिप्त पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाये। इससे आम लोगों में कानून व्यवस्था पर विश्वास बना रहेगा। ज्ञापन देने वालों में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू, हीरानाथ साहू, परशुराम प्रसाद, कपिल साहू, कृष्णा, अनिल वैश्य, नरेश साहू, हलधर शामिल थे।

### सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में हृदय रोग चिकित्सा शिविर 16 से



रांची (आजाद सिपाही)। सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर में 16 दिसंबर से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ राजीव राठी मरीजों की जांच और चिकित्सीय सलाह देंगे। निःशुल्क हृदय संबंधित चिकित्सीय सलाह का सभी झारखंडवासी लाभ उठा सकते हैं। सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी के मार्गनिर्देशन में सीसीएल हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए सीसीएल द्वारा समय-समय पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को आमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारी के अत्याधुनिक इलाज की सुविधा उनके घर के निकट ही प्राप्त हो सके।

### खाटू नरेश का महास्नान के बाद मंगला आरती



रांची (आजाद सिपाही)। खाटू नरेश का महास्नान हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगला आरती के बाद संपन्न हुआ। मंदिर के आचार्य ने गंगाजल शहद पंचामृत दूध शुद्ध जल घी से बाबा श्याम को स्नान करा कर नवीन वस्त्र बागा पहनाया गया। श्रृंगार-आरती के बाद पंचमेवा भोग लगा कर भक्तों के बीच वितरित किया गया। बाबा श्याम के पंचामृत जल को भक्तों के बीच वितरित किया गया। भूत पिशाच निकट नहीं आवे, सब संकट कट जावे, पढ़ो हनुमान चालीसा के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा प्रत्येक मंगलवार को होने वाला कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। सुनील मोदी, आशा मोदी, बलराम मोदी, शिखा मोदी ने हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित कर केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न कराया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद पल्लव अग्रवाल ने निवेदित किया। सुनील मोदी ने रामचरितमानस ग्रंथ और पाठ वाचकों का चंदन-वंदन किया। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ के समापन के बाद हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन कर महाआरती की गयी। मौके पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, स्नेह पोद्दार, श्याम सुंदर जोशी उपस्थित थे।

### प्रतिभाओं को 'गोल्डेन टिकट' से किया सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। फर्स्ट ऑडिशन फॉर वाइस ऑफ झारखंड में चयनित प्रतिभागी ने प्राप्त किया। सभी क्षेत्रों से आये कई प्रतिभागी ने अपने हुनर को प्रदर्शित करते हुए एक अद्वितीय अनुभव प्रदान किया। इस सुअर्थक कर्मक्षेत्र में जुटे कई गुणी स्वरगायकों में से, चयन समिति ने कुछ शानदार प्रतिभाओं को 'गोल्डेन टिकट' से सम्मानित किया। यह टिकट चयनित प्रतिभागियों को मुकाबले के लिए अंतिम मुकाबले में प्रवेश के लिए पात्र बनाता है। सुनवाई कंपीटीशन के प्रमुख मोहम्मद साबिर हुसैन ने इस मौके पर एक विशेष संवाद में कहा, 'यह कंपीटीशन हमारे शहर के स्वरों को एक नये मंच पर उत्कृष्टता की ऊंचाइयों तक पहुंचने का मौका देता है। चयनित प्रतिभागी यहां से आगे बढ़कर राष्ट्रीय स्तर पर अपना परिचय करेंगे और हम उनकी सफलता की कामना करते हैं। सुनवाई कंपीटीशन ने साबित किया कि हमारे शहर में भी गायकों का अद्वितीय प्रतिभा है और इस क्षेत्र में नये स्तरों को छूने का समर्थन किया जा रहा है। अरशद उबद ने समापन समारोह में सभी को शुभकामनाएं दीं।

# परिजनों ने ही करायी थी संजय की हत्या

**शूटरों को दिया था 50 हजार एडवांस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के बूटी बस्ती में हुए संजय पाहन हत्याकांड के खुलासे के करीब रांची पुलिस पहुंच गयी है। सूत्रों के मुताबिक, संजय पाहन के परिजनों ने ही उसकी हत्या करायी है। पुलिस जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि पारिवारिक विवाद में ही संजय पाहन की गोली मारकर हत्या की गयी है। पुलिस को इस बात की भी जानकारी मिली है कि संजय पाहन की हत्या के लिए प्रोफेशनल शूटर को सुपारी दी गयी थी, जो रांची का ही रहने वाला है। शूटरों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसके लिए पाहन के घर आने-जाने के समय के अलावा दिनचर्या पहले ही उन्हें बता दी गयी थी।

हत्या के लिए चहारदीवारी के अंदर का ही स्थान तय किया गया था, जिससे किसी को इस बारे में कुछ पता ना चल सके। हत्याकांड को अंजाम देने के लिए एडवांस के तौर पर शूटरों को 50 हजार दिया गया था। बकाया पैसा घटना को अंजाम देने के बाद दिये जाने की बात पर सहमति बनी थी। एडवांस मिलते ही शूटर हत्याकांड को अंजाम देकर फरार हो गया। गौरतलब है कि 30 नवंबर की रात अज्ञात अपराधियों ने संजय पाहन की उसके घर की चहारदीवारी के अंदर ही गोली मार कर हत्या कर दी थी।

## पंचतत्व में विलीन हुए कृष्ण मोहन सिंह

**अंतिम यात्रा में हजारों लोग हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के वार्ड 40 (वर्तमान में वार्ड 39) के पूर्व पार्षद कृष्ण मोहन सिंह मंगलवार को पंचतत्व में विलीन हो गये। उनकी अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। दिवंगत कृष्ण मोहन सिंह को आम से लेकर खास तक ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। 55 वर्ष की उम्र में पटना के निजी अस्पताल में कृष्ण मोहन सिंह ने अंतिम सांस ली। मंगलवार को उनकी अंतिम यात्रा धुर्वा स्थित आवास से निकलकर सिठियो पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। दिवंगत कृष्ण मोहन सिंह को उनके पुत्र ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, कांग्रेसी नेता राजीव रंजन, कांग्रेसी नेता शमशेर आलम, पूर्व डिप्टी मेयर अजयनाथ शाहदेव, बीजेपी नेता रमेश सिंह, बीजेपी नेता मुनचुन राय, वार्ड 37 के पूर्व पार्षद आनंद मूर्ती, झारखंड चेंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री, पूर्व पार्षद वेद प्रकाश सिंह, एचइसी श्रमिक यूनियन के नेता समेत हजारों लोग शामिल हुए। बता दें कि सोमवार की सुबह कृष्ण मोहन सिंह का निधन हुआ। वह अपने पीछे तीन पुत्री और एक पुत्र को छोड़ गये हैं। परिवार में चार भाई और बहन में कृष्ण मोहन दूसरे स्थान पर थे। परिजनों के अनुसार, अपेंडिक्स फटने से कृष्ण मोहन सिंह का देहांत हुआ।

## राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार ने महाविद्यालय का भ्रमण किया



**रांची।** राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार प्रोफेसर इ बालागुरुस्वामी ने संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन का अवलोकन किया। मौके पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, डॉ एसके साहू उपस्थित थे। प्रोफेसर इ बालागुरुस्वामी ने संस्थान द्वारा जनजातीय क्षेत्र में गुणात्मक शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने में शिक्षक की भूमिका अहम है। महाविद्यालय के लीगल लिटरेसी क्लब और जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के संयुक्त तत्वावधान में मानवाधिकार दिवस पर आयोजित कार्यशाला में भी भाग लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार से पैनल लॉयर और पैरा लीगल वोलेंटियर उपस्थित थे। निदेशक डॉ रश्मि ने कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं के उन्नयन में विद्वत जनों के मार्गदर्शन अहम है।

# किसान हितैषी ड्रोन बने विकसित भारत संकल्प यात्रा के आकर्षण का केंद्र

**प्रधानमंत्री ने महिला किसान ड्रोन केंद्र लांच किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्र सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान की योजना बनायी है। इससे कृषि कार्यों में किसानों को मदद मिलेगी। शुरुआत में 15 हजार महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जायेगा, जो एक मजबूत ड्रोन प्रशिक्षण मिशन को सफल बनाने के सपने को उड़ान देंगे। केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पहल शुरू की गयी है। इस पहल ने अब एक अभिनव मोड ले लिया है,जो कृषि और संबद्ध गतिविधियों में ड्रोन प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रदर्शित करता है। 2.60 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों और 4600 शहरी स्थानीय निकायों को कवर करने वाला एक विशाल आउटरीच कार्यक्रम है। कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के प्रयोग का उद्देश्य किसानों को अत्याधुनिक तकनीक से सक्षम बनाना, उत्पादकता- कृषि संबंधी परंपरागत विधियों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करना है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के दौरान आयोजित देशव्यापी लाइव प्रदर्शनों में दर्शकों और किसानों को मंत्रमुग्ध करते हुए ड्रोन शो चर्चा का विषय बन गया है। देश के सभी कोनों में ड्रोन प्रदर्शनों को कृषक समुदाय, विशेषकर महिला किसानों द्वारा काफी सराहा जा रहा है। केरल से हिमाचल प्रदेश, गुजरात से त्रिपुरा तक ड्रोन प्रदर्शनों के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया गया कि ड्रोन कृषि में सकारात्मक बदलाव के लिए अत्यंत आवश्यक है।

लाइव प्रदर्शन में उर्वरकों के संतुलित उपयोग को दर्शाया गया है। इसमें अतिरिक्त रसायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल नहीं करने पर जोर दिया गया है । ड्रोन ने नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और अन्य सूक्ष्म पोषक उर्वरकों का छिड़काव किया, जो प्रौद्योगिकी द्वारा कृषि क्षेत्र में सटीक महत्वपूर्ण परिवर्तनों को दर्शाता है। यही नहीं, ड्रोन द्वारा कीटनाशक छिड़काव के लाइव प्रदर्शन ने प्रभावी कीट प्रबंधन में इस तकनीक के सकारात्मक प्रभावों से जनता को अवगत कराया।

**ड्रोन तकनीक से जुड़ रही हैं महिलाएं :** प्रधानमंत्री का यह सुनिश्चित करने का निरंतर प्रयास रहा है कि देश का विकास महिलाओं के नेतृत्व में हो। इस दिशा में एक और कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री ने महिला किसान ड्रोन केंद्र को लांच किया। आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में एक स्वयं सहायता समूह की सदस्य कोमलापति वेंकट रावनम्मा ने कृषि उद्देश्यों के लिए केवल 12 दिनों में ड्रोन उड़ाने का कौशल सीखा। उन्होंने 30 नवंबर को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किये।

## सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** सीएम हेमंत सोरेन की ओर से सरायकेला खरसांवा के आदित्यपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देनेवाले क्रिमिनल रिट की सुनवाई हाइकोर्ट में अब 19 दिसंबर को होगी। मामले में कोर्ट का अंतरिम आदेश जारी रहेगा। यह मामला हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सूचीबद्ध था। मामले में पूर्व में कोर्ट ने हेमंत सोरेन के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगायी है। प्रार्थी हेमंत सोरेन ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग याचिका में की है।

## ट्रायंफ बाइक ने पहला शोरूम खोला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रतिष्ठित ब्रिटिश मोटरसाइकिल ब्रांड ट्रायंफ मोटरसाइकिल ने झारखंड में पहला शो रूम खोला। मंगलवार को टीम कॉस्मिक द्वारा अशोक नगर, रांची में अपना बहुप्रतीक्षित शोरूम का उद्घाटन किया। वैश्विक ब्रांड जिसने हाल ही में अपनी 120वीं वर्षगांठ पूरी की है, अपनी शिल्प कौशल, अत्याधुनिक तकनीक और ग्राहक अनुभव के लिए जाना जाता है। इस अवसर पर आज इसकी दो नवीनतम सेंसेशनल मोटरसाइकिल, अर्थात स्पीड 400 और स्क्रैंबलर 400 लांच हुई। जो ग्राहक स्पीड 400 को ऑनलाइन बुक करने वाले पहले लोगों में से थे, उन्हें उत्साह और उत्साह से भरे माहौल में उनकी बाइक भेंट की गयी। बाइक को मूल ट्रायंफ एक्सेसरीज के साथ भी कस्टमाइज कर सकते हैं। डीलरशिप पर स्पीड 400 के लिए 25 से अधिक असली एक्सेसरीज उपलब्ध हैं। तीन साल के वारंटी के साथ 16000 किमी पर सेवा अंतराल मिलेगा। बजाज ऑटो लिमिटेड द्वारा अपने नये चाकन प्लांट में निर्मित, स्पीड 400 की बुकिंग जारी रहेगी।

# खादी की वस्तुओं की खरीदारी में लोग ले रहे रुचि






आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय व्यापर मेला का 14वां दिन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के वातावरण के बीच बीता। शाम ढलते ही तीसरे पहर रांची शहर और उसके आस-पास के क्षेत्रों (जैसे कडरू, अशोक नगर, हरमू, रेलवे स्टेशन, सहजानंद चैक, अरगोड़ा किशोरगंज, डोरंडा, हिनू, बिरसा चौक, डिबडीह पुल, मेकान कॉलोनी, फिरायालाल चैक, अपर चुटिया, लोवर चुटिया, सुजाता टॉकिज, हिंदपीढ़ी इत्यादि) की भीड़ भारी मात्रा में मेला परिसर में दिखलायी पड़ी, जहां पर एक ओर पुरुष और युवा वर्ग विभिन्न प्रदेशों से आये हुए खादी की वस्तुओं की खरीदारी में रुचि दिखला रहे थे, वहीं पर दूसरी ओर महिलाएं विभिन्न प्रदेशों से हाथ की बनी हुई ज्वेलरी और साड़ी की भारी मात्रा में खरीदारी कर रही थी। वहीं पर दूसरी ओर मेला परिसर में पधारे हुए बच्चे विभिन्न प्रकार के झूलों जैसे टॉवर झूला, ड्रैगन टेज्न, टोरा-टोरा, ब्रेक डांस, कोलंबस, मिक्की माउस, जंपींग जापान, मोटरबोट, स्कार्पियो इत्यादि झूलों में झूलते हुए दिखलायी पड़ रहे थे।

मेला परिसर में आये लोग विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त ले रहे थे। मेला के संरक्षक राज उरांव ने बताया कि मैरी क्रिसमस और नये वर्ष के उपलक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला के में 18 दिसंबर को एक क्रिसमस गैदरिंग का भव्य आयोजन करने का निर्णय मेला समिति द्वारा लिया गया, जिसके परिप्रेक्ष्य में बुधवार यानी आज संध्या 4 बजे आदिवासी जनजातीय महिला विकास समिति एक पूर्णकालीन बैठक आहूत की गयी है, जिसमें क्रिसमस गैदरिंग को भव्य बनाने हेतु एक समिति बनाने का निर्णय लिया गया है। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि यह मेला 20 दिसंबर बुधवार तक चलेगा।

## कांके रोड काली मंदिर को बचाने के लिए हवन



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के कांके रोड स्थित काली मंदिर के परिसर को रॉक गार्डन प्रबंधन द्वारा अवैध कब्जा और बाउंड्री वाल कराने के खिलाफ स्थानीय लोग आंदोलनरत हैं। सोमवार से धरना प्रदर्शन कर रहे मंदिर बचाओ समिति के लोगों ने मंगलवार को मंदिर के मुख्य गेट के समीप हवन किया। वहीं देर शाम को आरआरडीए और रॉक गार्डन प्रबंधन समिति का पुतला फूंका गया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे मां भवानी क्लब काली पूजा समिति के अध्यक्ष सह भाजपा महानगर के महामंत्री बलराम सिंह ने बताया कि यह मंदिर वर्षों पुराना है और हर साल यहां धूमधाम से काली पूजा का आयोजन भी होता आ रहा है। इसके बावजूद रॉक गार्डन प्रबंधन द्वारा अवैध कब्जा के नियत से बाउंड्री वाल कराया जा रहा है। इसके खिलाफ यह आंदोलन किया जा रहा है। आसपास के लाखों लोगों का आस्था इस मंदिर से जुड़ा है। सरकार और प्रशासन से मांग करते हैं कि रॉक गार्डन प्रबंधन समिति के इस मनमानी पर संज्ञान ले और सनातनी लोगों के आस्था की रक्षा की जाये। उन्होंने कहा कि प्रबंधन समिति अगर अपने अड़ियल रवैया से बाज आये नहीं तो आंदोलन को और व्यापक किया जायेगा। हवन पुजारी पंडित अशोक पांडेय के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस मौके पर उमेश सिंह, विजय सिंह, राकेश पांडेय, रविंद्र चौबे, रमित नारायण, राम लखन, संतोष सहित भारी संख्या में मातृ शक्ति मौजूद थीं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### लोकनायक जयप्रकाश नारायण पार्क का उद्घाटन



**रांची (आजाद सिपाही)।** हरमू हाउसिंग कॉलोनी में लोकनायक जयप्रकाश नारायण पार्क का उद्घाटन मंगलवार शाम पांच बजे रांची नगर निगम के अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह पार्क ओपेन जिम, मनोरंजन और गेम जोन सहित कई साधनों-सुविधाओं से युक्त है। यहां हर उम्र के लोगों के लिए सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह पार्क क्रैडल प्वाइंट के नाम से भी जाना जाता है। इसे नयी साज सज्जा के साथ खोला गया है। बच्चों के लिए गेम जोन का एक विशिष्ट कॉर्नर विकसित किया गया है। पार्क के उद्घाटन के मौके पर फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री, वार्ड 26 के पूर्व पार्षद अरुण झा, वार्ड 25 के पूर्व पार्षद अर्जुन राम, बीसीआई (बिजनेस क्लस्टर ऑफ इंडिया) के अध्यक्ष धीरज ग्रोवर, डायरेक्टर अजय कुमार, लायंस क्लब ऑफ रांची के अध्यक्ष परविंदरजीत सिंह, पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, लायंस क्लब के डायरेक्टर मनीष गाड़ोदिया, योगा मंडली के अमित सिन्हा और इस ग्रुप के पुरुष एवं महिला सदस्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूर्व पार्षद अरुण झा ने कहा कि हरमू हाउसिंग कॉलोनी की पहचान ऐसे पार्कों से रही है। यह पार्क पूर्व में ही प्रारंभ किया गया था, लेकिन कोविड काल में यह बंद हो गया था और इसकी स्थिति बेहद खराब हो गयी थी। रांची नगर निगम ने नये सिरे से इस पार्क के संचालन का जिम्मा क्रेडल इन हॉस्पिटलिटी प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा है, जिसने इसे फिर से सुसज्जित किया है। समारोह में कंपनी के सीएमडी डॉ प्रदीप कुमार, डायरेक्टर डॉ पंकज कुमार, डॉ प्रेम कुमार भी मौजूद रहे।

### उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** इंडियन ओवरसीज बैंक की ओर से बैंक मित्रों का सम्मान राज्य प्रमुख सर्वेश कुमार ने किया। इसमें 75 बैंक मित्रों में से छह को सम्मानित किया गया। रिना देवी, सबिना प्रवीण, सुनील प्रसाद, खूबलाल मांझी, कृष्णानंद उपाध्याय, अनरजीत कुमार को सम्मानित किया गया। सरकार के लक्ष्य वित्तीय समावेशन को जन-जन तक पहुंचाने में इंडियन ओवरसीज बैंक अग्रणी भूमिका निभा रहा हैं, इंडियन ओवरसीज बैंक का यह कदम सामाजिक उत्थान में अत्यंत सराहनीय है।

### संत थॉमस स्कूल धुर्वा में वार्षिक खेल दिवस



**रांची (आजाद सिपाही)।** संत थॉमस स्कूल धुर्वा में मंगलवार को वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा छह से नौवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य-अतिथि महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा थी। विशिष्ट अतिथि फादर बिंस फिलिप, सिजन कुमार थे। प्रधानाचार्य डॉ एमओ ऊमेन, सूजन ऊमेन थे। विद्यालय की खेल कैप्टन श्रेयसी कुमारी द्वारा सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ खेल भावना की शपथ दिलायी गयी। प्रधानाचार्य डॉ एमओ ऊमेन द्वारा की गयी खेल प्रार्थना के साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आरंभ की घोषणा हुई। इसमें भाग लेने वाले बच्चों का उत्साह देखने योग्य था।

### सुधा अरमान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट ने स्व. अरमान दत्त की जयंती पर भंडारा आयोजित किया

**रांची (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को सुधा अरमान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा झारखंड की समाजसेवी अधिवक्ता शुभ नारायण दत्त के इकलौते पुत्र स्वर्गीय अरमान दत्त की जयंती पर श्रद्धांजलि सह भंडारे का आयोजन हुआ। सबसे पहले स्वर्गीय अरमान के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर रांची के अरगोड़ा चौक स्थित मंदिर प्रांगण परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं के मध्य अरमान दत्त की स्मृति में भोग प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी अधिवक्ता शुभ नारायण दत्त, डॉ.प्रणव कुमार बब्बू, विमल आनंद नाग, कमल किशोर कच्छप, अशोक कुमार, विनय सिंह, मोनिका कुमारी, कौशल्या कुमारी, अनमोल कर्ण, नवनीत, विजय दत्त पिंटू समेत अन्य उपस्थित थे।

### सुप्रसिद्ध गायिका डॉ मृणालिनी अखौरी ने दी गीत-गजलों की शानदार प्रस्तुति




**रांची (आजाद सिपाही)।** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर महोत्सव 2023 में झारखंड की सुप्रसिद्ध गायिका डॉ मृणालिनी अखौरी ने मंगलवार को गीत गजलों की काफी शानदार प्रस्तुति दी। यह कार्यक्रम पर्यटन विभाग बिहार सरकार के द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ मृणालिनी अखौरी ने किसी नजर को तेरा इंतजार आज भी है... इस गजल से किया। उसके बाद चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल गजल पर श्रोता काफी झूमते नजर आये। बीच-बीच में लोगों की फरमाइश भी आती रही, जिसमें हम तेरे शहर में आये हैं मुसाफिर की तरह..., चुपके-चुपके... और गली में आज चांद निकला... जैसी फरमाइश भी मृणालिनी ने पूरी की। कार्यक्रम के अंत में सूफी गीत दमा दम मस्त कलंदर गाकर उन्होंने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया, जिस पर दर्शकों ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम के बाद पर्यटन विभाग के निदेशक प्रदीप गुप्ता, सहायक निदेशक केसरी कुमार, सोनपुर के सीओ और कई अधिकारियों ने मिलकर डॉमृणालिनी अखौरी को पर्यटन विभाग और हरिहर क्षेत्र सोनपुर की ओर से प्रतीक चिन्ह और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सभी अधिकारियों ने कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। डॉ मृणालिनी अखौरी के साथ देव कुमार लाल और ग्रुप ने संगत की।

# सुप्रीम कोर्ट का निर्विवाद फैसला

संविधान के अनुच्छेद 370 पर सोमवार को आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला निर्विवाद रूप से युगांतरकारी कहा जा सकता है। जम्मू-कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा समाप्त किये जाने से जुड़े विवाद पर इस फैसले ने एक तरह से पूर्ण विराम लगा दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने तीन बातें शीशे की तरह साफ कर दी हैं। पहली, अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था। दूसरी, जम्मू-कश्मीर को किसी भी रूप में आंतरिक संप्रभुता हासिल नहीं थी। तीसरी बात यह कि इस विशेष प्रावधान को समाप्त करने के पीछे किसी तरह की दुर्भावना नहीं है। यह पूरी प्रक्रिया वैध और संवैधानिक है। इन तीनों बिंदुओं पर सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब इस विवाद को आगे बढ़ाने की न कोई गुंजाइश रह गयी है और न ही जरूरत। जहां तक जम्मू-कश्मीर राज्य को केंद्रशासित क्षेत्र घोषित किये जाने की बात थी, तो इससे केंद्र-राज्य संबंधों के कई जटिल पहलू भी जुड़े हुए थे। सुप्रीम कोर्ट ने इस सवाल को खुला रखा है, लेकिन सॉलिसिटर जनरल की बात को संज्ञान में लेते हुए केंद्र सरकार से कहा है कि जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द राज्य का दर्जा दिया जाये। लद्दाख के केंद्रशासित क्षेत्र बने रहने में कोई बाधा नहीं है। फैसले का एक अहम हिस्सा वह है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि अगले साल सितंबर तक हर हाल में जम्मू-कश्मीर में चुनाव करवा लिये जायें। चूंकि जम्मू-कश्मीर अन्य क्षेत्रों की तरह देश का अभिन्न हिस्सा है, इसलिए यह सुनिश्चित करना सरकार और सभी संवैधानिक संस्थानों का दायित्व है कि आम देशवासियों की तरह वहां के नागरिकों के भी सभी संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकार कायम रहें। जब ऐतिहासिक विवादों और बहसों को सेटल किया जा रहा हो, तब यह बात भुलायी नहीं जा सकती कि जम्मू-कश्मीर इस मायने में भी खास रहा है कि वहां के लोगों को आतंकवाद और अलगाववाद के प्रभावों के चलते कई तरह की तकलीफें लंबे समय तक झेलनी पड़ी हैं। इस लिहाज से जस्टिस एस के कौल के कन्करिंग जजमेंट में की गयी यह सिफारिश बेहद अहम है कि स्टेट और नॉन स्टेट प्लेयर्स की तरफ से 1980 के बाद से वहां हुए कथित मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों की जांच के लिए एक आयोग बनाया जाये। कुल मिला कर देखा जाये तो सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने एक पुराने और जटिल विवाद को पीछे छोड़ते हुए जम्मू-कश्मीर को और वहां के लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ने की एक मजबूत जमीन तैयार की है। उम्मीद की जाये कि सभी पक्ष इस मौके का सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल सुनिश्चत करने में अपना पूरा योगदान करेंगे।

**कुल मिला कर देखा जाये तो सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने एक पुराने और जटिल विवाद को पीछे छोड़ते हुए जम्मू-कश्मीर को और वहां के लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ने की एक मजबूत जमीन तैयार की है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**नयी पीढ़ी के युवाओं को भरोसा नहीं होता कि कुछ समय पहले तक भारतीय राजनीति में न जाने कितने ऐसे नेता और कार्यकर्ता होते थे, जो व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के लिए नहीं, बल्कि बेहतर देश और दुनिया की आकांक्षा के लिए राजनीति करते थे। अनेक सांसदों और विधायकों का गरीबी में जीना बहुत असामान्य नहीं था। राजनीति में रहते हुए भी वे एक अलिखित मर्यादा का पालन करते थे।**

# शिवपूजन सिंह : ऐसे भी होते थे राजनेता

**योगेंद्र यादव**



आज राजनीति एक गंदा शब्द है और नेता होना एक गाली। अगर राजनीति सत्तालोलुपता, अवसरवादिता और भ्रष्टाचार का पर्याय है तो नेता अहंकार, झूठ और मक्कारी के प्रतीक हैं। ऐसे में अगर कोई हमें कहे कि राजनीति में सादगी, सरलता और समर्पण हो सकता है, तो हमें यह अविश्वसनीय लगता है या फिर किसी गुजरे जमाने का किस्सा।

नयी पीढ़ी के युवाओं को भरोसा नहीं होता कि कुछ समय पहले तक भारतीय राजनीति में न जाने कितने ऐसे नेता और कार्यकर्ता होते थे, जो व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के लिए नहीं, बल्कि बेहतर देश और दुनिया की आकांक्षा के लिए राजनीति करते थे। अनेक सांसदों और विधायकों का गरीबी में जीना बहुत असामान्य नहीं था। राजनीति में रहते हुए भी वे एक अलिखित मर्यादा का पालन करते थे। आज भी जनांदोलनों में ऐसे ढेरों नेता और कार्यकर्ता मिल जायेंगे, लेकिन वे हमारे दृष्टि पटल से ओझल रहते हैं।

मेरा यह सौभाग्य रहा है कि मैं अपने जीवन में ऐसे अनेक नेताओं का सान्निध्य और आशीर्वाद पा सका। बचपन में हमारे शहर श्रीगंगानगर में समाजवादी नेता केदारनाथ शर्मा की सादगी और जनता से नजदीकी को देखा। उच्च शिक्षा के लिए जब जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय गया, तो वहां अपने अग्रज सुनीलजी से मिला और जाना कि गांधी कैसे रहे होंगे। फिर वहीं किशन पटनायक से मुलाकात हुई और राजनीति में वैचारिक और चारित्रिक ऊंचाई को अपनी आंखों से देखने का मौका मिला। उनकी संगत में रहते हुए सच्चिदानंद सिन्हा, अशोक सेकसेरिया और सुरेंद्र मोहन जैसी शख्सियतों से मुलाकात हुई और वैचारिक शिक्षा के साथ-साथ मर्यादा का संस्कार भी पाया। मेरी राजनीतिक दीक्षा गांधीवादी समाजवादी धारा में हुई, लेकिन आदर्श की राजनीति केवल इस धारा तक सीमित नहीं रही। आजादी से पहले की कांग्रेस और बाद में सोशलिस्ट, कम्युनिस्ट और जनसंघ में भी बेशुमार नेता सादगी और समर्पण के लिए जाने जाते थे।

**आने वाली पीढ़ियों को विश्वास नहीं होगा कि ऐसे राजनेता कभी हमारे देश में हुआ करते थे।**

हमारे सार्वजनिक जीवन से यह प्रजाति लुप्त होती जा रही है, लेकिन आज भी आदर्शवादी राजनीति की मिसाल देखी जा सकती है। ऐसे ही एक राजनेता थे शिवपूजन सिंह जिनका 30 नवंबर को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बिहार के रोहतास जिले के दिनारा प्रखंड में एक किसान के घर पैदा हुए शिवपूजन सिंह युवावस्था से ही समाजवादी आंदोलन से जुड़ गये। एमरजेंसी के दौरान जेल में रहे और 1977 में जनता पार्टी की टिकट पर दिनारा क्षेत्र से बिहार विधानसभा के सदस्य बने।

तब बिहार ने शिवपूजनजी की ईमानदारी के दर्शन किये। विधायकों की ठाठ-बाट का तिरस्कार कर शिवपूजनजी अपने समाजवादी संस्कार के प्रति सच्चे बने रहे। जब सरकार ने विधायकों का वेतन भत्ता बढ़ा दिया था, तो शिवपूजनजी इकलौते विधायक थे, जिन्होंने विधानसभा में इसका पुरजोर विरोध किया था। यही नहीं, उन्होंने बढ़ा हुआ वेतन लेने से इंकार किया। सरकार की जिद थी कि नियमानुसार हर विधायक को बढ़ा हुआ वेतन ही लेना होगा। ऐसे में शिवपूजनजी को बगैर वेतन के रहना पड़ा था। शिवपूजनजी किसी रईस खानदान से नहीं थे और उन्हें हर किस्म की तंगी का सामना करना पड़ा। लेकिन वह अपने फैसले से नहीं डिगे। विधायक की पेंशन भी उन्होंने 60 साल की उम्र होने तक नहीं ली। जीवन भर खादी के मोटे कपड़े पहने, गांव में किसानों के बीच किसानों की तरह रहे। उनकी बेजोड़ सादगी और बेदाग ईमानदारी के किस्से पूरे बिहार में प्रसिद्ध रहे हैं।

मुझे उनके जीवन की सादगी के साथ-साथ उनके चरित्र की सादगी ने हमेशा आकर्षित किया। राजनीति में सादगी का जीवन जीने वाले लोग अक्सर आत्मश्लाघा का लोभ संवरण नहीं कर पाते। त्याग का अहंकार अक्सर झलक जाता है, लेकिन शिवपूजनजी में मैंने रत्ती भर अहंकार नहीं पाया। उनके स्वभाव में एक बाल सुलभ सरलता थी जिसके चलते उन्हें राजनीति में कई बार धोखा और नुकसान उठाना पड़ा। साथ ही उनके बोलचाल और व्यवहार में नारी सुलभ संकोच और मृदुता थी जो राजनीति में दिखायी नहीं देती। अपने आप को पीछे रख साथियों और संगठन को प्राथमिकता देना उनके स्वभाव का हिस्सा था।

लेकिन मृदुता का अर्थ यह नहीं कि वह सिद्धांतों से समझौता करें। शिवपूजनजी जीवन भर किसान आंदोलन से जुड़े रहे और अनेक बार जेल गये। वह 80 के दशक में महेंद्र सिंह टिकैत के नजदीकी सहयोगी भी रहे थे। वर्ष 1980 में नहर के पानी के आंदोलन में उनकी गिरफ्तारी हुई थी। उन्होंने फैसला किया कि वह जमानत नहीं लेंगे।

नतीजतन 26 महीनों तक वह सासाराम जेल में रहे। उनकी रिहाई के लिए उनके क्षेत्र के किसानों ने दिनारा से सासाराम तक 40 किलोमीटर का पैदल मार्च किया था। एक बार विधायक बनने के बाद शिवपूजनजी ने बड़ी पार्टियों से किनारा कर लिया। इसके चलते हुए चुनावी राजनीति में फिर कभी सफल नहीं हो पाये, लेकिन तमाम प्रलोभनों के बावजूद उन्होंने सत्ता की राजनीति से समझौता नहीं किया।

सत्य के प्रति अडिग रहना और सिद्धांतों से कभी समझौता न करना उनके समाजवादी संस्कार का परिचायक थी। मैं अक्सर सोचता हूं कि राजनीति के दलदल में रहते हुए भी उन जैसे लोग कैसे अपने आप को बचा पाये। जाहिर है इसके पीछे उनका अपना चारित्रिक बल रहा होगा, लेकिन इसका एक बड़ा कारण वह समूह था जिसके साथ उन्होंने अपनी राजनीति की यात्रा की। उनका संपर्क 1967 में किशन पटनायक से हुआ और जीवन पर्यंत उनके साथ जुड़े रहे। पहले लोहिया विचार मंच फिर जनता पार्टी और समता संगठन से जुड़े रहे शिवपूजनजी समाजवादी जन परिषद के संस्थापकों में से थे। जैसा मैंने ऊपर कहा किशन जी के संसर्ग में बने इस राजनीतिक घराने में शुचिता और मयार्दा सर्वोपरि थी।


पिछले चार दशकों के सार्वजनिक जीवन में मुझे शिवपूजन सिंहजी के सान्निध्य का सौभाग्य मिला। समता संगठन से समाजवादी जन परिषद होते हुए स्वराज इंडिया तक की यात्रा में मुझे हमेशा शिवपूजनजी का नेतृत्व और मार्गदर्शन मिला। पिछले दो वर्षों से उनकी तबीयत खराब रहने लगी थी, फिर भी वह पत्र के माध्यम से सलाह और निर्देश देते रहते थे। उनका निधन मुझ जैसे कार्यकर्ताओं के लिए व्यक्तिगत नुकसान तो है ही, साथ ही राजनेताओं की इस जमात का उठ जाना हमारे लोकतंत्र के प्रभाव का संकेत भी है। आने वाली पीढ़ियों को विश्वास नहीं होगा कि ऐसे राजनेता कभी हमारे देश में हुआ करते थे। आदर्श राजनीति करने वाले ये नेता संख्या में सदैव कम थे, लेकिन देश की राजनीति की दिशा और दशा को बनाये रखने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी। सार्वजनिक जीवन में लुप्त होती इस प्रजाति को बचाना ही शिवपूजन जी के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## जमशेदपुर की खबरें

### राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय गाबा होंगे झारखंड के प्रभारी

# जनवरी में विशाल मजदूर महासम्मेलन का होगा आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस यूनियन की आनलाईन बैठक का आयोजन किया गया। मंगलवार को बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदित राज शामिल हुए। इस अवसर पर राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में कांग्रेस की हार की समीक्षा की गयी। मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनावों हेतु फरमान जारी किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदित राज ने कहा केकेसी के नेता और कार्यकर्ता अपने क्षेत्रों में आम जनता के साथ जुड़ कर अपना जनाधार बढाएं। आगामी चुनाव में केकेसी 15% टिकट लेकर सीट कांग्रेस की झोली में डालने का काम करेगी। उन्होंने सभी प्रदेश अध्यक्षों को अपने क्षेत्रों में समय देने व जनाधार बढाने का निर्देश दिया। साथ ही लोकसभा चुनावों के मद्देनजर प्रदेश प्रभारीयों की नियुक्ति की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय गाबा को झारखंड के प्रभारी बनाये गये। मौके पर संजय गाबा ने 14 लोकसभा सीटों में 11 महागठबंधन की झोली में डालने का आश्वासन राष्ट्रीय अध्यक्ष को दिया। उन्होंने कहा वह झारखंड की राजनीति को बहुत दिनों से देखते व समझते हैं। 19 दिसंबर को वह रांची पहुंचेंगे और प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडेय संग कांग्रेस के आला नेताओं से मुलाकात कर आगे की रूप रेखा तय करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडेय ने कहा जनवरी के अंतिम सप्ताह में विशाल मजदूर महासम्मेलन का आयोजन होगा। जमशेदपुर में आयोजित महासम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियांका गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदित राज, अविनाश पांडेय, राजेश ठाकुर समेत झारखंड सरकार में सभी मंत्री व विधायकगण को निमंत्रण दिया जायेगा। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जल्द मनरेगा यूनियन भी बनाए जायेंगे।

# बागबेड़ा में शिक्षा के महत्व पर गोष्ठी का आयोजन, पूर्व विधायक शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बागबेड़ा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में छात्र-छात्राओं के मानसिक व बौद्धिक क्षमता के विकास के लिए विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मंगलवार को विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि कुणाल षाडंगी,विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य डॉ कविता परमार, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष बिजय कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य रंजय कुमार राय व अन्य गणमान्य जनों के द्वारा विद्यादायिनी मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर गोष्ठी की शुरूआत की गई। सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर वक्ताओं ने शिक्षा के महत्त्व विषय पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने कहा जीवन में सफलता प्राप्त करने व कुछ अलग करने के लिए सभी के लिए शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण साधन है। यह हमें जीवन के कठिन समय में चुनौतियों से सामना करने में सहायता करता है। शिक्षण प्रक्रिया के दौरान प्राप्त किया गया ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति को जीवन के प्रति आत्मनिर्भर और जिम्मेदार बनाता है। कुणाल षाड़ंगी ने कहा शिक्षा के बिना एक आदमी बिना नींव के इमारत की भांति होता है। शिक्षा मानव जीवन का अभिन्न अंग है। जिसका हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्व है। शिक्षा और ज्ञान न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह अर्थव्यवस्था के विकास के लिए भी आवश्यक है। नौकरी, व्यवसाय व कोई अन्य काम को करने के लिए शिक्षा ही मूल आवश्यकता है। यदि हमें काम की जरूरत है तो सबसे पहले हमारी शिक्षा के बारे में पूछा जाता है। उन्होंने कहा शिक्षा चरित्र निर्माण के साथ-साथ व्यक्तित्व निर्माण में भी आवश्यक भूमिका निभाती है। गोष्ठी में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। कई छात्र-छात्राओं ने वक्ताओं से सीधे प्रश्न कर जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के सभी शिक्षक और सैकड़ो छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# कई स्थानों में चोरी के मामले का खुलासा, चार गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला के आरआईटी थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगहों में हुए चोरी के मामले का मंगलवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। जिले के एसपी डॉ विमल कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी सागर लाल महथा के नेतृत्व में टीम का गठन कर सोनार सहित तीन अपराध कर्मियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराध कर्मियों में सूरज कोतवाल उर्फ सूरज पत्रो उर्फ सरफराज, नवीन कुमार झा, विवेक सिंह उर्फ कैफ और वीरेंद्र नाथ वर्मा शामिल है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर सोने चांदी के जेवरात, लैपटॉप, चार्जर, माउस, घटना में प्रयुक्त ताला तोड़ने वाले लोहे का कटर, चापड़, आयरन, कैमरा, घड़ी, पावर चश्मा, बैग,सफारी व ऑटो बरामद कर लिया। बताया जा रहा है पुलिस ने 32 नंबर के समीप से ऑटो संख्या जेएच 05 डीएन- 4622 को पकड़ा। जिसमें तीन युवक सूरज कोतवाल उर्फ सूरज पत्रो उर्फ सरफराज, नवीन कुमार झा और विवेक सिंह उर्फ कैफ बैठा था। तलाशी लेने पर नीले रंग के बैग से सोने - चांदी के जेवरात व अन्य सामान पाया गया। पूछताछ करने पर तीनों ने थाना क्षेत्र के एमआई 146, महावीर नगर सहित अन्य स्थानों में हाल के दोनों में हुई चोरी मामले में अपनी संलिप्त स्वीकार की। तीनों की निशानदेही पर चोरी का गहना खापने वाले सोनार विरेंद्र नाथ वर्मा को चौका के खूंटी से गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# रायगढ़ा में माओवादियों ने की पूर्व उपप्रमुख की गोली मार कर हत्या

### पुलिस मुखबिरी का आरोप लगा घटनास्थल पर छोड़ा पर्चा

**पश्चिमी सिंहभूम जिले के अति नक्सल प्रभावित गुदड़ी थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने दिया घटना को अंजाम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला के आरआईटी थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगहों में हुए चोरी के मामले का मंगलवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। जिले के एसपी डॉ विमल कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी सागर लाल महथा के नेतृत्व में टीम का गठन कर सोनार सहित तीन अपराध कर्मियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराध कर्मियों में सूरज कोतवाल उर्फ सूरज पत्रो उर्फ सरफराज, नवीन कुमार झा, विवेक सिंह उर्फ कैफ और वीरेंद्र नाथ वर्मा शामिल है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर सोने चांदी के जेवरात, लैपटॉप, चार्जर, माउस, घटना में प्रयुक्त ताला तोड़ने वाले लोहे का कटर, चापड़, आयरन, कैमरा, घड़ी, पावर चश्मा, बैग,सफारी व ऑटो बरामद कर लिया। बताया जा रहा है पुलिस ने 32 नंबर के समीप से ऑटो संख्या जेएच 05 डीएन- 4622 को पकड़ा। जिसमें तीन युवक सूरज कोतवाल उर्फ सूरज पत्रो उर्फ सरफराज, नवीन कुमार झा और विवेक सिंह उर्फ कैफ बैठा था। तलाशी लेने पर नीले रंग के बैग से सोने - चांदी के जेवरात व अन्य सामान पाया गया। पूछताछ करने पर तीनों ने थाना क्षेत्र के एमआई 146, महावीर नगर सहित अन्य स्थानों में हाल के दोनों में हुई चोरी मामले में अपनी संलिप्त स्वीकार की। तीनों की निशानदेही पर चोरी का गहना खापने वाले सोनार विरेंद्र नाथ वर्मा को चौका के खूंटी से गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# ब्लड सेंटर और फाउंडेशन ने एसडीपी रक्तवीर योद्धा रवि को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न देकर किया सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बिस्टुपुर ब्लड सेंटर और प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के नेतृत में आदित्यपुर निवासी एसडीपी रक्तवीर योद्धा रवि कुमार ने 22 बां स्वैच्छिक व सुरक्षित रक्तदान के आंकड़े को पूर्ण कर लिया। अब अस्पताल में इलाजरत किसी भी जरूरतमंद को रक्त के लिए परेशानी नहीं होगा। जमशेदपुर ब्लड सेंटर और फाउंडेशन ऐसे युवा एसडीपी रक्तवीर योद्धा को नमन करते है। रक्तदान के साथ ही एसडीपी रक्तदान के क्षेत्र में प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन का 752 बां आंकड़ा भी पूर्ण हो गया। मौके पर रवि कुमार के समक्ष जमशेदपुर ब्लड सेंटर के जीएम संजय चौधरी, अनुभवी व वरीय चिकित्सक डॉक्टर लव बहादुर सिंह, डॉक्टर रिता सिंह, अनुभवी व वरीय तकनीशियन मनोज कुमार महतो, शुभोजीत मजुमदार, सह तकनीशियन अभिषेक धर, एस. मालाकार, रत्नेश कुमार सिंह, प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के निर्देशक अरिजीत सरकार उपस्तित रहे। इस अवसर पर जमशेदपुर ब्लड सेंटर व प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन की और से एसडीपी रक्तवीर योद्धा रवि कुमार को प्रशस्ति पत्र के साथ-साथ प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।**

## महात्मा गांधी मार्ग का चौड़ीकरण हो और पेड़ हटवाये प्रशासन

# चैनपुर नेउरा रोड तत्काल नहीं बना तो धरना : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पीडब्ल्यूडी रोड डिविजन को एक पत्र लिखकर कहा कि शहर के कई अहम रोड जो पीडब्ल्यूडी के अधीन है उसे ऐसे ही छोड़ दिया गया है। ना आपका विभाग बना रहा ना निगम को बनाने की अनुमति दे रहा है। इससे कई तरह की परेशानियां हो रही है। प्रथम महापौर ने कहा कि मेरे कार्यकाल में ही रेडमा चौक से डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक, पुलिस स्टेडियम, बीसफुटा पुल होते रेडमा चौक तक जो शहर का वीआईपी एवं व्यस्ततम रोड है बोर्ड द्वारा शहरी रिंग रोड घोषित करते हुए चौड़ीकरण का एस्टीमेट बनवाई गई थी। पैसा भी उपलब्ध था। दूसरा चैनपुर थाना से लेकर निगम बॉर्डर तक रोड बनाने का प्रस्ताव मैंने ही तैयार कराई थी जिसे पीडब्ल्यूडी रोड डिविजन द्वारा दोनों मार्ग को यह कहते हुए रोक दिया गया कि यह मार्ग उनका है। इस लिए वे ही इसे बनायेंगें। पर एक वर्ष बीतने के बाद भी अब तक पीडब्ल्यूडी डिविजन द्वारा इन सड़कों को बनाया नहीं गया। ना ही निगम को बनाने की स्वीकृति दी जा रही है, जो दुखद है। मैं एक बार फिर पीडब्ल्यूडी रोड डिविजन एवं पलामू डीसी से अनुरोध करूंगी कि दोनों मार्ग अहम है। एक शहर का लाइफ लाइन है तो दूसरा उभरता शहर चैनपुर शाहपुर की लाइफलाइन। इन दोनों मार्गों को यथाशीघ्र बनवाया जाना चाहिए। प्रथम महापौर ने कहा कि चैनपुर थाना से लेकर नेउरा तक रोड इतना खराब हो चुका है जहां से गाड़ियां तो दूर बाइक से चलना भी मुश्किल हो रहा है। दूसरा रेडमा चौक से डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक तक जो महात्मा गांधी मार्ग है कम से कम इतनी दूरी का भी चौड़ीकरण करना अति आवश्यक है। अगर इन दोनों मार्ग पर प्रशासन ध्यान नहीं देगी तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है। अरुणा शंकर ने कहा कि महात्मा गांधी मार्ग में रोड के बीचो-बीच एक ताड़ का पेड़ है जो हमेशा दुर्घटना को आमंत्रित करता है। इसकी जानकारी प्रशासन को भी है। प्रशासन जल्द निर्णय नहीं लेगा तो मैं जल्द चैनपुर शाहपुर के भाइयों के साथ रोड पर खुद धरने पर बैठूंगी।



जर्जर सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में जमा पानी।

## आंगनबाड़ी केंद्र की दीवार तोड़े जाने पर आइएएस व सीओ ने शुरू की जांच

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** अज्ञात लोगों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र 2 की बाउंड्री तोड़े जाने के मामले का मंगलवार को जांच की गई। जांच टीम में प्रशिक्षु आईएएस सह बीडीओ रवि कुमार, सीओ यामुन रविदास, पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के अलावे अंचल निरिक्षण प्रगति प्रकाश और अमिन राकेश कुमार शामिल थे। विदित हो की हरिहरगंज पूर्वी पंचायत के वैध विगहा आंगनबाड़ी केंद्र 2 के बाउंड्री को शनिवार की रात अज्ञात लोगों द्वारा तोड़कर सड़क निर्माण कर दिया गया और गेट को कटर से काटकर ले गए। इस संबंध में केंद्र 2 के प्रभार में कार्य कर रही सेविका मधु कुमारी ने विभाग और थाने में शिकायत की थी। इसे संज्ञान में लेते हुए प्रशिक्षु बीडीओ रवि कुमार ने अधिकारियों के साथ मामले की जांच की। बीडीओ ने कहा कि सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाया गया है। जो काफी निंदनीय है। फिलहाल अज्ञात लोगों पर प्राथमिक दर्ज करा दी गई है। आरोपियों को धर पकड़ करने के पुलिस को निर्देश दिया गया है।

# सभी जिलों में पार्टी को किया जा रहा मजबूत: कमलेश सिंह

**एनसीपी के पलामू जिला कमेटी की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के पलामू जिला कमेटी की बैठक मेदिनीनगर के हमीदगंज स्थित विधायक कमलेश कुमार सिंह के आवासीय परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संदीप पासवान और संचालन जिला प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने किया। बैठक में 2024 लोकसभा और झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी की मजबूती पर चर्चा की गई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश के सभी जिले में एनसीपी कोमजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। सभी जिलों के पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की शुरूआत पलामू से हुई है। पलामू जिला के सभी प्रखंडों में पार्टी को मजबूत करना जिला के पार्टी पदाधिकारियों का दायित्व है। कहा कि एकजुटता के साथ मिलकर प्रखंडों का दौरें और प्रखंड कमेटियों को मजबूत बनाएं। प्रखंड कमेटियों का दायित्व पंचायतों में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि एनसीपी का एक-एक कार्यकर्ता झारखंड के किसी भी इलाके में जनसमस्या हो उसे लेकर आंदोलन की रणनीति बनायें। बैठक में एनसीपी के प्रदेश सचिव अजीत सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनान खान, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, जिला सचिव अजय सिंह, विनय पासवान, बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, जनेश्वर भुइयां, हरि भुइयां, सीता राम भुइयां, संजय भुइयां, कंधा सिंह, रवींद्र सिंह, नरेश पासवान, मिठू सिंह, संजय सिंह, रवि रंजन, भोला सिंह, वीरेंद्र सिंह, रुदा सिंह, अजीत सिंह, जियादुद्दीन खान और मनीष सिंह आदि मौजूद थे।

# जन समस्याओं के समाधान के लिए उठाये जा रहे कल्याणकारी कदम : विजय ओझा

**सांसद ने 13 सिचाईं योजनाओं का जीर्णोद्धार का किया ऑनलाईन शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** नीति एवं डीएमएफटी मद से लघु सिंचाई प्रमंडल की ओर से हुसैनाबाद स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय में पलामू जिला के विभिन्न प्रखंडो में 13 सिंचाई जीर्णोद्धार योजनाओं का शिलान्यास पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने मंगलवार को ऑनलाइन किया। इस अवसर पर पलामू सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, भाजपा नेता ईश्वरी पांडे, हुसैनाबाद नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, कार्यपालक अभियंता प्रेम सोरेन, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, रंजीत पासवान व महेंद्र सिंह, राजेश कर्ण ने विधिवत पूजा पाठ कर नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने कहा कि ग्रामीणों ने बताया था कि संसदीय क्षेत्र के विभिन्न तलाब काफी जर्जर हो गये है। पलामू सांसद वीडी राम ने इसे गंभीरता से लेते हुए मूर्तरूप दिया है। उन्होंने 13 तालाबों के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया है। नीति आयोग एवं डीएमएफटी मद से सभी योजनाओं का जीर्णोद्धार किया जाएगा। लघु सिंचाई प्रमंडल के कर्यपालक अभियंता प्रेम सोरेन ने बताया कि इससे 60 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई में वृद्धि होगी। खेतों में पानी की कमी नहीं होगी।

## खेल से शारीरिक व मानसिक रूप से भी होता है विकास : विधायक



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** डॉ वीरेंद्र कृष्ण रामबली नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट कोनवाई हाई स्कूल के खेल मैदान में आयोजित हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन मंगलवार को पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वहीं, खेल आयोजकों द्वारा विधायक को फूल माला पहनाकर व शॉल देखकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक ने खिलाड़ियों से खेल भावना से खेलने की अपील की। कहा कि खेल से न केवल मनोरंजन होता है, बल्कि शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। खेल हमें अनुशासित होना सिखाता है। वहीं, क्रिकेट टूर्नामेंट चंद्रपुर बनाम रनेभरी के बीच खेला गया। चंद्रपुर की टीमों ने टास जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। भरी के टीम ने 175 रन बनाकर जीत हासिल की। वहीं चांदपुर टीम 60 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि कोनवाई मुखिया पति बृजदेव सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्या पुदीना कुंवर , प्रोफेसर बचन ठाकुर समाजसेवी अरविंद सिंह, कोनवाई मुखिया मंजू देवी, शैलेंद्र सिंह, कमेश यादव, धनुष देव सिंह, कार्तिक सिंह, प्रेम सागर सिंह, रामचरित्र सिंह, अध्यक्ष राहुल कुमार, उपाध्यक्ष बलवंत सिंह, कोषाध्यक्ष मंडल कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## प्रवासियों को एसआइएस में दिया जायेगा रोजगार : अरुण यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया और सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड की ओर से पलामू जिले के कई प्रखंडों में 11 से 23 दिसंबर तक भर्ती की जा रही है। उक्त जानकारी भर्ती अधिकारी अरुण यादव ने मंगलवार को हरिहरगंज ब्लॉक परिसर में दी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा भर्ती के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आश्वासन दिया गया है। इस दौरान जिला पुलिस बल और एसआइएस के जवान के अधिकारी भी तैनात रहेंगे। भर्ती शिविर में 500 सुरक्षा जवान और 200 सुपरवाइजर मौजूद रहेंगे। कैश कस्टोडियन 150 का चयन किया जाएगा। सभी चयनित उम्मीदवारों को 21 सेंटरों में से एक सेंट्रल ट्रेनिंग एकेडमी गढ़वा जिले में एक माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें ड्रिल पीटी कराटे थ्योरी औद्योगिक सुरक्षा वीआईपी और प्राथमिक उपचार फायर फाइटिंग कंप्यूटर बैंक सिक्योरिटी भारतीय पुरातत्व सर्वचन विभाग की सुरक्षा सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा आदि का प्रशिक्षण देकर सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड 5000 कार्य स्थलों पर नौकरी उपलब्ध कराएगी। भर्ती अधिकारी अरुण यादव ने बताया कि भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग सुरक्षा जवान उम्र 21 वर्ष से 37 वर्ष ऊंचाई 168 सेंटीमीटर और वजन 56 किलो से ऊपर होना चाहिए। सुपरवाइजर के लिए ऊंचाई 170 सेंटीमीटर होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि देशभर में अनेक प्रकार के पाठ्यक्रम संचालन किये जाते है और सुरक्षा जवानों के क्षेत्र में बढ़ते प्रभाव को देखते हुए पलामू जिला में नवयुवकों का चयन कर-के उन्हें प्रशिक्षण और रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। भर्ती स्थल पर शारीरिक मापदंड फिजिकल टेस्ट लिखित परीक्षा लिया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र दी जाएगी। भर्ती अधिकारी ने बताया कि उन्हें जहां तैनात किया जाएगा। राज्य सरकार की न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के अंतर्गत अन्य भत्ता योग्यता अनुसार है। देश में बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए विभाग इस क्षेत्र के बेरोजगार युवकों को भर्ती कराकर रोजगार उपलब्ध करा कर क्षेत्र की बेरोजगारी दूर करने के उद्देश्य से शिविर आयोजन किया गया है।




## राशन वितरण में गड़बड़ी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने उजाला समूह पर प्राथमिकी दर्ज का दिया निर्देश

**उंटारी रोड/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत ग्राम डेवडर के जन वितरण प्रणाली समूह उजाला एसएचजी नुज्ञप्ति संख्या 07/2010 के खिलाफ जिला आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर बीडीओ ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। बतातें चलें कि उक्त समूह के राशन कार्ड धारियों ने तीन माह के राशन गबन का आरोप लगाया था। जिसे अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद बीडीओ संजय कुमार ने संबंधित समूह को जांच कर निलंबित कर दिया था। जांच में उक्त समूह पर 82 क्विंटल राशन रिकवरी का आदेश पारित किया था। पर समूह द्वारा 40 क्विंटल राशन की भरपाई की गयी और शेष खाद्यन्न की भरपाई के लिए पुनः प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने 28 अक्टूबर पत्रांक 02 के माध्यम से दो दिनों का समय दिया था। पर शेष खाद्यन्न की भरपाई नहीं करने पर पुनः अखबार ने अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा शीर्षक खबर प्रकाशित किया जिसपर संज्ञान लेते हुए राज्य खाद्य आयोग ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को करवाई करने का निर्देश दिया था। इसके आलोक में बीडीओ ने मंगलवार को स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बीडीओ ने बताया की राशन में अनियमितता बर्दास्त नहीं किया जायेगा।

# मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना में पलामू के 322 विद्यार्थी सफल

**मध्य विद्यालय तुकबेरा की चार विद्यार्थियों ने लहराया परचम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना 2023 में पलामू जिले के 322 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की है। इसमें 169 छात्राएं एवं 153 छात्र शामिल हैं। झारखंड सरकार की ओर से आयोजित मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना को लेकर झारखंड अधिविध परिषद, रांची द्वारा 13 अगस्त को परीक्षा आयोजित की गई थी। इसमें पलामू जिले के 20 प्रखंड के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। झारखंड राज्य के सभी जिलों से 2855 विद्यार्थी सफल हुए हैं। इसमें 1386 छात्राएं एवं 1469 छात्र शामिल हैं। इसी के अंतर्गत पलामू जिले में 322 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित कर जिला का मान-सम्मान बढ़ाया है।

झारखंड अधिविध परिषद (जैक) द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना (उटटरर) के तहत आयोजित परीक्षा में नावाबाजार प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, तुकबेरा टोला के 4 विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है। सफल विद्यार्थियों में दीपिका कुमारी, विकास कुमार, सनी कुमार एवं अनुष्का सोनम शामिल हैं। इसकी जानकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक बृंदा प्रसाद गुप्ता ने दिया। उन्होंने बताया कि 2022-23 सत्र के लिए यह परीक्षा 13 अगस्त को आयोजित हुआ था। परीक्षा में शामिल विद्यालय के सभी 4 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए हैं। प्रधानाध्यापक ने सफल अभ्यर्थियों को कॉपी एवं कलम देकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थी पूर्व में भी प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्णता हासिल कर स्कूल का मान-सम्मान बढ़ाया है। विद्यालय के शिक्षक रविंद्र नाथ ठाकुर ने सफल विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी मन लगाकर अपने रुचि के अनुरूप पढ़ाई करें, तो सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने समय प्रबंधन कर पढ़ाई करने की भी सलाह विद्यार्थियों को दी है।

## स्पोर्ट्स



अंडर-19 एशिया कप में टीम इंडिया ने महज 7.1 ओवर में वनडे मुकाबला जीत लिया है। टीम ने पहले नेपाल को 52 रन को छोटे स्कोर पर आउट किया। उसके बाद 7.1 ओवर में ही मुकाबले को 10 विकेट के बड़े अंतर से जीत लिया।

## राज लिंबानी ने 13 रन देकर झटके 7 विकेट, पाकिस्तान पहले ही सेमिफाइनल में

# नेपाल 52 पर ऑलआउट, इंडिया अंडर-19 ने 7.1 ओवर में ही जीता वनडे मैच, सेमीफाइनल में पहुंचा

एजेंसी

**दुबई।** अंडर-19 एशिया कप में टीम इंडिया ने महज 7.1 ओवर में वनडे मुकाबला जीत लिया। टीम ने पहले नेपाल अंडर-19 टीम को 52 रन पर ऑलआउट किया और 10 विकेट से मुकाबला जीत लिया। भारत के लिए तेज गेंदबाज राज लिम्बानी ने महज 13 रन देकर 7 विकेट झटके। नेपाल पर जीत के साथ भारत ने ग्रुप-ए से सेमीफाइनल में भी जगह बना ली। ग्रुप-ए से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम पाकिस्तान है, जो भारत को भी हरा चुकी है।



### अर्शीन ने लगाए 5 छक्के

53 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया अंडर-19 टीम ने 7.1 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। ओपनर आदर्श ने 13 बॉल पर 13 रन बनाये, जबकि उनके साथ अर्शीन कुलकर्णी ने 30 बॉल पर 5 छक्कों और एक चौके की मदद से 43 रन बना दिये। अर्शीन ने छक्का लगाकर ही टीम को जीत भी दिलाई।

### नेपाल का एक भी बैटर 8 रन से ज्यादा नहीं बना सका

दुबई के आइसीसी एकेडमी ग्राउंड पर इंडिया अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। नेपाल ने 5वें ओवर में पहला विकेट गंवाया, लेकिन टीम 22.1 ओवर में ऑलआउट हो गई। उनका कोई भी बैटर 10 रन का स्कोर नहीं छू सका। हेमंत धामी ने सबसे ज्यादा 8 रन बनाए। 2 बैटर जीरो पर आउट हुए। दो ने 7 रन बनाए। जबकि 6 बैटर्स 5 से कम रन के स्कोर पर ही पवेलियन लौट गए। टीम इंडिया से राइट आर्म पेसर राज लिम्बानी ने 9.1 ओवर में महज 13 रन देकर 7 विकेट झटके। उन्होंने 3 ओवर मेडन फेंके। राइट आर्म पेसर आराध्य शुक्ला को 2 और अर्शीन कुलकर्णी को 1 विकेट मिला। आराध्य ने 9 और अर्शीन ने 2 ओवर गेंदबाजी की। 2 ओवर सौम्य पांडे ने फेंके, जिनमें उन्होंने महज एक रन दिया, हालांकि उन्हें कोई सफलता नहीं मिली।

# बिना किसी भेदभाव के विश्रामपुर क्षेत्र का हो रहा विकास : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत केतात कला पंचायत के कामता गांव में कब्रिस्तान की चाहरदीवारी का निर्माण होगा। चाहरदीवारी निर्माण की आधारशिला स्थानीय विधायक के बेटे सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने रखी। उन्होंने कहा कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में विश्रामपुर विधानसभा का पूर्ण विकास हो रहा है। विकाश भी किसी भेदभाव के बगैर व न्याय के साथ हो रहा है। विकास कार्यों में सबकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। आने वाले समय में विश्रामपुर प्रदेश का सबसे विकसित क्षेत्र होगा। मौके पर पूर्व मुखिया रविशंकर चौबे उर्फ सेठ चौबे, मजमुद्दीन कादरी, शोएब अख्तर, मेराज अहमद आदि थे।

### बरवादाग में आयोजित आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए सिल्ली विधायक

# सभी आवेदनों का मौके पर ही हो निष्पादनः सुदेश महतो

**अधिकारियों को दिया इमानदारी के साथ काम करने की सलाह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखड के बरवादाग पंचायत भवन में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सिल्ली विधायक सुदेश महतो भी शामिल हुए। विधायक ने कहा कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया जाना चाहिए। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य ही लोगों के घर तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का उसी वक्त निवारण करना है। पर अधिकांश ग्रामीणों की शिकायत है कि पूर्व में आयोजित कार्यक्रम में दिए गए आवेदनों पर आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने योजनाओं का सीधा लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों को इमानदारी के साथ काम करने की सलाह दी। शिविर में विभिन्न योजनाओं से जुड़े लाभुकों के बीच करोड़ों रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। वहीं जरूरतमंदों के बीच कंबल, धोती-साड़ी, लुंगी आदि वितरित किए गये। शिविर में लगे स्टॉल में विभिन्न विभागों से जुड़े 1500 से भी अधिक आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें कई आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया और लाभुकों के बीच अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन स्वीकृति, आयुष्मान कार्ड, लगान रसीद, जॉब कार्ड, सावित्री बाई फुले योजना, जेएसएलपीएस बैंक लिंकेज, बिरसा सिचाई कुप, आम बागवानी, जाति, आवासीय, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, हरा कार्ड, केसीसी, श्रम कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, दाखिल-खारिज, पंजी टू सुधार, गुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड सहित अन्य योजना के आवेदन आए जिसमें कई योजना के लाभुकों के बीच सर्टिफिकेट का भी वितरण किया गया। शिविर में प्रमुख दीपा उरांव, उपप्रमुख जयपाल हजाम, मुखिया सारथी देवी, बीडीओ जयपाल सोय, सीओ राजू कमल, बीएसओ संतोष कुमार, बीएचओ सेवा पालित, बीपीओ अवनिंद्र कुमार, बीएओ अघुन पहान, बीईओ भरोसी मुंडू, सीआई रमेश रविदास, ग्रामप्रधान सीताराम पातर, योगेन्द्र पातर, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, सत्यनारायण सिंह मुंडा, बुधराम बेदिया सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मी और ग्रामीण उपस्थित थे।



सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते विधायक सुदेश महतो।

# गांव का विकास हमारी पहली प्राथमिकताः शिल्पी नेहा तिर्की

### विधायक ने बेड़ो में किया दो विकास योजनाओं का शिलान्यास

**कहा-पुल बनने से इटकी व बेड़ो के ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत प्रखंड के टेंगरिया गांव में मंगलवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने पोटपोटो नदी पर पुल निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर व शिलापट्ट का अनावरण करते हुए शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि गांव का विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। इसलिए गांव में मूलभूत सुविधाओं से जुड़ें विकास कार्य कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा क दोनों प्रखंड इटकी व बेड़ो गांव में जाने के लिये इस पुल की बहुत जरूरत थी। ग्रामीणों को बरसात में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीण काफी समय से पूल की मांग कर रहे थे। इसके लिये पुल की अनुशंसा मेरे द्वारा की गई थी। ग्रामीणों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पुल का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुल बन जाने से दर्जनों गांव के सैकड़ों लोगों को आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। ग्रामीण वर्षा के दिनों में भी प्रखंड मुख्यालय से जुड़े रहेंगे। इसके पूर्व विधायक ने इडरी गांव में अनाबद्ध निधि योजना के मद से बनने वाली पीसीसी पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वहीं, ग्रामीणों ने कहा कि पुल नहीं रहने से काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। बरसों के सपने को विधायक ने आज पूरा कर दिया। मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका उरांव, उपप्रमुख मोददसिर हक, विधायक प्रतिनिधि नवल किशोर सिंह, करमा उरांव, परवेज आलम, बिरसा उरांव, सुलेमान तिर्की, विशेश्वर उरांव, पंकज कच्छप, बिनु उरांव, कुलदीप उरांव, सोमा उरांव, रोपण उरांव, अनिल खाखा, बेरनाथेत बेग, अमरस लकड़ा, सिलवेस्टर कच्छप, रोशन तिर्की आदि थे।



बेड़ो के टेंगरिया गांव में पुल का शिलान्यास करती विधायक शिल्पी नेता तिर्की।

## दो किशोरियों से मोबाइल फोन की लूट, दो गिरफ्तार, एक मोबाइल फोन व ऑटो जब्त

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पाली पंडरा के पास दो किशोरियों के साथ ऑटो चालक व उसमे सवार दो युवकों ने मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गये। किशोरियों ने अपने एक दोस्त सुशांत तिर्की की मदद से भागते ऑटो का पीछा कर पंडरा के समीप ऑटो सहित चालक को पकड़ा लिया। हालांकि ऑटो में सवार दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गये। इसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने ऑटो को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर एक अन्य आरोपी को भी पकड़ लिया। जानकारी में मुताबिक मांडर थाना क्षेत्र के सकरपदा के दो किशोरी सोमवार अपराह्न 2.30 बजे अपनी स्कूटी से रातू के पाली पंडरा घूमने गयी थी। दोनों पंडरा पुल के पास स्कूटी रोककर खड़ी थी। इसी बीच एक ऑटो में सवार होकर तीन युवक पहुंचे और दोनों किशोरियों से उनका फोन छिन कर पंडरा की ओर भाग खड़े हुए। उधर, लूट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ऑटो चालक खूंटी के दाहु गुटु निवासी वसीम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर इटकी कुंदी निवासी एनामुल अंसारी को भी पकड़ लिया। उसके पास से लूटा गुआ एक मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया। मामले को लेकर भुक्तभोगी ने रातू थाने में तीन आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस कांड संख्या 471 दर्ज कर फरार एक अन्य आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## मंत्री रामेश्वर उरांव के आश्वासन पर 14 दिनों बाद काम पर लौटे मनरेगा कर्मी

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के अश्वासन के बाद चान्हो के सभी मनरेगा कर्मी मंगलवार को प्रखंड में काम पर वापस लौट आये। प्रखंड के दो रोजगार सेवक व एक कनीय अभियंता की संविदा समाप्त करने के विरोध में चान्हो के मनरेगा कर्मियों का कार्य बहिष्कार व अनिश्चितकालीन हड़ताल 14 दिनों तक जारी रहा। मामले को लेकर मनरेगाकर्मियों ने मंगलवार को मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें मनरेगा के लोकपाल के जांच रिपोर्ट के आधार पर पौधारोपण कार्य में पहले मनरेगा से जुड़े 16 पदाधिकारियों व कर्मियों पर अर्थदंड लगाने व अर्थदंड का भुगतान करने के बाद सिर्फ दो रोजगार सेवक एवं एक कनीय अभियंता की संविदा समाप्त करने की पूरी जानकारी दी। मंत्री ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और कहा कि इस प्रकार तीन पर दोहरी कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने भरोसा दिया कि 14 दिसंबर को चान्हो के मनरेगा कर्मी की मौजूदगी में प्रोजेक्ट भवन सचिवालय में विभागीय सचिव और मनरेगा आयुक्त से बात की जाएगी। हड़ताल व कार्य बहिष्कार समाप्त कर काम पर लौटने की अपील की।

## रातू में युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सीमलिया नयाटोली निवासी शंकर विश्कर्मा के 18 वर्षीय पुत्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान सोनू राज के रूप में हुई है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पंचनाका कर उसका रांची के रिम्स अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक सोनू राज सोमवार की रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। मंगलवार की सुबह उसकी मां जब बेटे को उठाने उसके कमरे में गयी तो वह फंदे पर लटका पाया। वह गमछा के सहारे पंखे से लटक रहा था। इस बाबत मृतक की मां विनिता देवी ने रातू थाने में यूडी केस दर्ज करायी है।

# सामूहिक दुष्कर्म के तीन दोषियों को 20-20 वर्ष की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो/रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने के दोषी पाए जाने पर तीन युवकों को 20-20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। रांची पॉक्सो की विशेष आदालत ने सोहन कुमार, इरशाद अंसारी और कुदुस अंसारी को सात दिसंबर को दोषी करार दिया था। अदालत ने दोषियों को 20-20 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि पीड़िता को दी जाएगी।

**एकतरफा प्यार में पागल युवक ने दिया था वारदात को अंजाम**

गौरतलब हो कि दोषी सोहन कुमार नाबालिग छात्रा से एकतरफा प्यार करता था। जनवरी 2022 में पीड़िता जब अपनी दो सहालियों के साथ प्रातः भ्रमण पर निकली थी, तभी एक कार में सवार तीनों युवकों ने पीड़िता को जबरजस्ती अपनी कार में बैठकर अपहरण कर लिये। उसे सुनसान जगह पर ले जाकर सभी ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इस दौरान एक आरोपी का मोबाइल फोन गिर जाने पर गाड़ी रोकी गई। तभी पीड़िता आरोपियों के चुंगल से बचकर भाग निकली और घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद चान्हो थाने में प्राथमिक की दर्ज करायी गयी। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार की गयी थी।

## विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों ने दिखाया हुनर



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आरटीसी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन स्कूल के निदेशक डॉ रूद्रनारायण महतो, प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो एवं आरटीसी स्कूल केदल के प्राचार्य सुरेश प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। प्रर्दशनी में छात्र-छात्राओं नें विभिन्न विषयों पर अपना मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन किया। प्रर्दशनी में स्कूल के 100 से भी अधिक विद्यार्थियों ने अपना मॉडल प्रदर्शित किया। जिसमें सड़क सुरक्षा, सौर मंडल, पर्यावरण, सुरक्षा, स्मार्ट सिटी, सौर उर्जा सहित अन्य प्राजेक्ट पर मॉडल प्रदर्शित किए। इस अवसर पर विभिन्न विषयों पर पेंटिंग्स बनाकर भी प्रर्दशनी में लगायी गई थी। प्रर्दशनी का अवलोकन करते हुए डॉ रूद्रनारायण महतो ने कहा कि विज्ञान के बिना हमारा जीवन असंभव है। आज के बच्चे हीं कल के न्यूटन, अब्दूल कलाम, माकोर्नी और फेरारे बनेंगे। उन्होंनें बच्चों को अपना लक्ष्य पाने के लिए आगे बढ़ने की सलाह दी। प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि विज्ञान के वगैर विकास असंभव है। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों की प्रतिभा निखरती है। कहा कि छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच को विकसित करने के लिए यह प्रर्दशनी आयोजित की जाती है। मौके पर हिमांशु शेखर चौधरी, शिक्षक आनंद प्रसाद, भुनेश्वर, सुमंत कुमार, स्नेहा शालिनी, पुतूल, नीलू, गायत्री, सुदर्शी, मधु ममता, कुसूम कुमारी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं आदि उपस्थित थे।

## बनापीडी में सरकार आपके द्वार का आयोजन, मिले 2018 आवेदन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** राज्य सरकार की ओर से चलाये जा रही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रखंड के बनापीडी पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार की प्रमुख योजनाएं अबुआ आवास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना एवं अन्य योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। बीडीओ हरिशंकर बारीक ने सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से इसका लाभ लेने की अपील की। बनापीडी के मौलाना आजाद कालेज मैदान में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों की ओर से 2018 आवेदन दिया गया, जिसमें अबुआ आवास के लिए लगभग 900 आवेदन थे। इसके अलावा पेंशन व सुधार के 12, धोती साड़ी सोना सोबरन योजना 350, कंबल वितरण 300 के अलावा सावित्री बाई फूलों योजना, रोजगार सृजन योजना, गुरुजी क्रडिट कार्ड, श्रम विभाग, आपूर्ति, आधार में ऑनलाइन सुधार, महिला प्रसार, विद्युत, सहकारिता, 15वें वित्त आयोग, के लिए सैकड़ों आवेदन लिया गया। 150 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर दवा दी गई। मौके पर बीएसओ अभिषेख कुमार, सीआई संतोष उरांव, कल्याण पदाधिकारी अलख सिंह, महिला प्रसार पदाधिकारी अर्चना सिंह, अल्बर्ट एंथोनी, सीएचसी के डॉ प्रीति, प्रकाश तिग्गा, अबू रेहान, मुखिया सोनी भगत झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी, कमरुल होदा, जाबिर अंसारी, बबलू, कोंग्रेस युवा नेता कुमार अतुल राज नोशाद आलम आदि उपस्थित थे। संचालन तैयब अंसारी ने किया।

## रोटरी क्लब ऑफ रॉची मिडटाउन ने किया स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही )।** रांची रामकृष्ण मिशन आश्रम के मार्ग दर्शन में राज होस्पिटल, रोटरी क्लब ऑफ रांची मिडटाउन के डक्टरों द्वारा मंगलवार को कुच्चू पंचायत के खभावन गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बदरी, खभावन, बुटगोड़ा, मैनीछापर आदि गांवों के लगभग 100 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। साथ ही उन्हें निःशुल्क दवा दी गयी।ठंड से बचने के लिए 51 असहाय एवं वृद्ध लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस असर पर रामकृष्ण मिशन आश्रम के ब्रह्मचारी देवात्म चैतन्य महराज ने कहा कि इस तरह का शिविर प्रखंड के विभिन्न गांवों में आयोजित कि जायेगी। मौके पर रोटरी क्लब ऑफ रांची मिडटाउन के कोऑर्डिनेटर अनुराधा जयसवाल, मंजू गंभीर, सरोज भगत, डॉ बीके झां, डॉ माया प्रसाद, उपेंद्र, जितेंद्र महतो, सोहरैया बेदिया, जगेशवर बेदिया, रामचरण बेदिया आदि उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## बिजली चोरी में छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, 1.16 लाख रुपये का लगा जुर्माना

**रातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड की ओर से बिजली चोरी के खिलाफ गठित टीम ने मंगलवार को आमटांड, कुम्बा टोली व काटू में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल प्रशांत कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई छापामारी में आमटांड में 3, कुबां टोली में दो और काटू में एक व्यक्ति को बिजली चोरी करते पकड़ा। इन पर एक लाख 15 हजार 892 रुपये का जुर्माना लगाया। आरोपियों में आमटांड के प्रयाग साहू, किशन साहू, मनोज कुमार साहू, कुंबा टोली के बालेश्वर उरांव, महादेव उरांव व काटू का विनोद उरांव शामिल है। कनीय विद्युत अभियंता रंजीत कुमार ने रातू थाने में बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, छापामारी दल में मिन्हाज अंसारी, विवेक द्विवेदी, मिथुन कुमार सिंह आदि शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**मांडर (आजाद सिपाही)।** दुर्घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मांडर प्रखंड के कुरकुरा ग्राम निवासी ललन सिंह के पुत्र 19 वर्षीय निलेश सिंह की सोमवार देर शाम अपने एक साथी के साथ बाइक पर सवार होकर कुरकुरा से रघुनाथपुर जाने के क्रम में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। हालत नाजुक होने की वजह से इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह 10 बजे उसकी मौत हो गई। मृतक के शव के गांव पहुंचते ही मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पुलिस ने अवैध कोयला लदा वाहन किया जब्त

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** पुलिस की गस्ती दल ने मंगलवार अहले सुबह करीब पाच बजे बीजूपड़ा-खलारी मार्ग पर चामा के समीप अवैध कोयला लदा ओमनी वैन को जब्त कर थाने ले लाई। पुलिस की मानें तो वैन खलारी की ओर से बीजूपाड़ा की तरफ जा रही थी। हालांकि चालक ने पुलिस की गश्ती दल को देख लिया और गाड़ी खड़ी कर जंगल की ओर भाग गया। इसके बाद पुलिस उक्त वाहन को जब्त कर थाने ले गई। पुलिस वाहन मालिक और कोलया लादने वाले का पता लगाने में जुटी है।

## मृत वृद्ध की बेटी ने हत्या का आरोप लगा दर्ज करायी नामजद प्राथमिकी

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** थाना के धकजीवन में रेल पटरी के किनारे 50 वर्षीय वद्ध का शव सोमवार को बरामद हुआ था। जिसकी पहचान कर ओरमांझी पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। वहीं, मंगलवार को मृतक डहरु साहू की बेटी अनिता कुमारी ने विनोद साहू, शिवा साहू, राजेश साहू, डॉ जितेंद्र साहू, राजकिशोर साहू, बालेंन्द्र साहू, शिशु उर्फ अभय साहू, सत्तार खान, रोपनी देवी और बिगलाही देवी पर हत्या कर रेल पटरी पर फेंकने का आरोप लगाते हुए ओरमांझी थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

## महादेव टंगरा समिति ने गरीबों के बीच कंबल बांटा

**रातू (आजाद सिपाही)।** बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रखंड के महादेव टंगरा समिति की ओर से मंगलवार को सैकड़ों असहाय, वृद्ध व गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। महादेव टंगरा विकास समिति द्वारा मंदिर प्रांगण में आयोजित पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कंबल वितरण में समारोह में आसपास के गांव गुड्डु, बिजलिया, अगडू, चपाटोली, चिपरा, भोंडा, तिगरा, बाजपुर, हिसरी के अलावा अन्य गांव के वृद्ध, असहाय, दिव्यांग व जरूरतमंद लोग कंबल लेने पहुंचे थे। कंबल वितरण में समाजसेवी ओम प्रकाश तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। लगभग 200 लोगो के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर रामनंदन महतो, कामेश्वर महतो, रमेश चंद्र महतो, अनिल तिर्की, विक्रम उरांव आदि मौजूद थे।

### वाइबीएनयू वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2023 अभिनंदन का समापन

# पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी : प्रो चांसलर रामजी यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** रांची वाईबीएन विश्वविद्यालय (विवि) के तहत वाइबीएनयू वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2023 अभिनंदन का मंगलवार को समापन हुआ। बतातें चलें कि यह प्रतियोगिता विगत छह दिसंबर को शुरू हुआ था और 4 दिनों तक होना था। मगर चक्रवाती तूफान के कारण आउटडोर गेम्स को स्थगित कर दिया गया। फिर मौसम साफ होने के बाद इसे कराया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूल ऑफ फामेर्सी ने ओवरऑल विनर का किताब जीता। साथ ही सभी विजयी प्रतिभागियों जैसे वॉलीबॉल (लड़के), कबड्डी (लड़कियां/लड़के), गोला फेंक (लड़कियां/लड़के), डिस्कस थ्रो (लड़कियां/लड़के), शातारंज/कैरम (लड़के/लड़कियां), रस्साकशी (लड़कियां/लड़के), 100 मीटर दौड़ (लड़कियां/लड़के) ने भाग लिया। जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत करते हुये वाईबीएन विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर रामजी यादव ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। हमारे जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्वल भविष्य की कामना की। धन्यवाद ज्ञापन डॉ अर्पणा शर्मा डीएसडब्ल्यू द्वारा किया गया। मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय प्रशासन समिति के साथ साथ विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, डीएसडब्लू डॉ. अर्पणा शर्मा, विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स अकादमी के सदस्य रजनीश कुमार महतो, मिस प्रेमी आदि उपस्थित थे।




**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division Hazaribag**

**Notice Inviting e-quotation**

**Notice No. - 01 DWSD/HZB/MECH/QUOTATION/2023-24 (2nd Call)**

Quotations through e-tender are invited for rates of items / materials such as aluminium cable, Copper cable, termination kit etc. annexed as Annexure-1 for use in Drinking water and Sanitation Department from Reputed Manufacturers / authorized dealers having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of items /materials are available on the above e-tender portal. Terms and condition will be available in website. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 14.12.2023 at 10:30 hrs. to 21.12.2023 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 22.12.2023 at 11: 00 Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate.

Sd/-
Executive Engineer
PR 313254 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D **DW&S, Mechanical Division Hazaribag**

**कार्यक्रम : सोनाहातू में 15 दिसंबर को क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का होगा आयोजन**

# एक हजार कलाकार एक साथ करेंगे नृत्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** सिल्ली स्टेडियम परिसर में आगामी 18, 19 एवं 20 दिसंबर तक होने वाली तीन दिवसीय गूंज महोत्सव को सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को सोनाहातू थाना मैदान में कार्यकर्ता और स्वयंसेवकों की बैठक गूंज अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि गुंज महोत्सव के संरक्षक सह विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित हुए। गूंज महोत्सव के पूर्व सोनाहातू प्रखंड में 15 दिसंबर को क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का आयोजन होना है। इस क्षेत्रीय गूंज महोत्सव में 1000 कलाकार एक साथ नृत्य करेंगे। महोत्सव की सफल आयोजन को लेकर सुदेश कुमार महतो ने महोत्सव की रुपरेखा की जानकारी देते हुये कार्यकर्ताओं व स्वंयसेवकों को कई दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावे एक साथ छऊ नृत्य का कार्यक्रम, सम्मान समारोह एवं परिसंपत्ति वितरण का आयोजन किया जायेगा। जिसमें ग्राम प्रधान, उत्कृष्ट महिला समूह, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, संयोजिका, रसोईया , क्षेत्रीय कवि, लेखक, गायक, को सम्मानित किया जायेगा। वृद्ध और असहयों के बीच कंबल वितरण होगा। ग्राम सांस्कृतिक दलों के बीच वाद्य यंत्र का वितरण, खेलो सिल्ली के तहत उत्कृष्ट खिलाड़ीयों का सम्मान एवं विद्यालय के बेहतर आचरण, बेहतर उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को भी पहली बार सम्मानित किया जायेगा। वहीं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। उन्होने क्षेत्रीय प्रभारी ग्राम प्रभारी, सक्रिय महिला दीदी एवं चुल्हा प्रमुखों को ग्राम स्तर पर आयोजन को लेकर विस्तृत तैयारी करने का आह्वान किया है। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र का सवार्गीण विकास ही गूंज महोत्सव का उद्देश्य है। महोत्सव एक सास्कृतिक मंच ही नहीं बल्कि विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने और भावी योजनाओं की कार्य योजना बनाना है। इस बार महोत्सव लोक कल्याणकारी योजनाओं के साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य पर आधारित होगा। मौके पर गूंज अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा, बीडीओ खगेश कुमार, चिकित्सा प्रभारी डॉ जयराम शर्मा, कृषि पदाधिकारी बिष्णु खंडित, पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा मुंडा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन, संजय महतो, श्याम, अध्यक्ष सुषेण प्रामाणिक मुखिया सबिता देवी, धरनी, सावना महली, बिपतभंजन मुंडा, क्षेत्रमोहन मुंडा, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।





# राजस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में चैंपियन बनकर लौटी डीएवी बचरा, टीम का स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा की बैडमिंटन टीम धनबाद में संपन्न हुई राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में विजेता बनी है। मंगलवार को चैंपियन बनने के बाद लौटी टीम का डीएवी बचरा में जोरदार स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार डीएवी बचरा की टीम ने पहले क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में चैंपियन बनने के बाद राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भी चैंपियन बनकर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है। फाईनल मुकाबले मे डीएवी बचरा ने निरजा सहाय डीएवी को 2-0 से हराकर खिताब पर जमाया कब्जा है। डीएवी बचरा टीम की ओर से स्कूल के छात्र प्रियांशु तिवारी, अनीश कुमार,पीयूष कुमार तिवारी और आसिफ असलम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में चैंपियन बनी डीएवी बचरा की टीम अब दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन प्रतियोगिता में झारखण्ड टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। बच्चों के इस बेहतर प्रदर्शन पर स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों का उत्साह बढ़ाया गया। स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है जो पिपरवार में पहली बार हुआ है।

डीएवी बचरा का परचम दिल्ली में भी लहरायेगा। बच्चों के इस बेहतर प्रदर्शन पर स्कूल के सभी शिक्षकों सहित अभिभावकों ने बधाई दी है।

# पेड़ से टकरायी कार, एक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा-कर्रा रोड पर रायसेमला गांव के पास मंगलवार को सवारियों से भरी इको स्पोर्ट्स कार ( ओडी 02आर 8292 ) पेड़ से टकरा गयी। इससे कार में सवार सुरेंद्र ठाकुर( 50 वर्ष ) की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जबकि अन्य पांच अन्य लोग मामूली रूप से चोटिल हो गये। जानकारी के अनुसार ओड़िशा के राउरकेला निवासी सुरेंद्र ठाकुर अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ से तिलक समारोह में भाग लेकर वापस राउरकेला लौट रहे थे। रायसेमला गांव के पास सड़क पर आये एक वृद्ध को बचाने के चक्कर में कार एक पेड़ से टकरा गयी।

इससे सुरेंद्र ठाकुर की मौत हो गयी, जबकि सुरेद्र की पत्नी रायवती देवी, चालक अरूण कच्छप, राहुल ठाकुर, आशा ठाकुर, रूपा ठाकुर को हल्की चोट लगी। सभी घायलों का तोरपा के रेफरल अस्पताल में इलाज कराया गया। तोरपा थाना की पुलिस दुर्घटनाग्रस्त वाहन को थाना ले आयी और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया।



## वाहन की टक्कर में चालक की मौत

**तैमारा (आजाद सिपाही)।** दशम फॉल थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची टाटा रोड स्थित नेहालगड़ा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ट्रैक्टर को पीछे से धक्का मारा जिससे ट्रैक्टर पलट गया। इस घटना से ट्रैक्टर चालक रिंकू उम्र 35 वर्ष पिता राजेंद्र गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर दशामफल पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया और घायल चालक को बुंडू अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। जहां चालक रिंकु की मृत्यु हो गयी मृतक चालक मूल रूप से बिहार का रहने वाला था शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

# यूट्यूबर्स को सदस्यता नहीं देगा खूंटी प्रेस क्लब

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी क्लब के प्रांगण में मंगलवार को जिले के पत्रकारों की एक अहम बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिले के दो पत्रकारों पर प्रशासन द्वारा दर्ज प्राथमिकी की चर्चा की गयी और निर्णय लिया गया कि मामले को लेकर फिर से उपायुक्त से मिलकर निष्पक्ष जांच की मांग की जायेगी। मौके पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसी भी यूट्यूबर को क्लब की सदस्यता नहीं दी जायेगी। सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थानों के पत्रकारों को ही क्लब का सदस्य बनाया जायेगा। कहा गया कि बिना मान्यता प्राप्त यूट्यूबर्स की करतूतों के कारण पत्रकारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही खूंटी प्रेस क्लब का बायलोज बनाने और निबंधन कराने का निर्णय लिया गया। निबंधन होने के बाद ही प्रेस क्लब द्वारा सदस्यता प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा। मौके पर वार्षिक वनभोज के आयोजन का निर्णय लिया गया, जिसकी तिथि का निर्धारण सदस्यों की सहमति के बाद किया जायेगा। बैठक में क्लब के अध्यक्ष रंजीत प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, महासचिव कुमार सौरभ, अजय शर्मा, अनिल मिश्रा, राहुल मिश्रा, चंदन कुमार, सतीश शर्मा, अजीत जयसवाल, प्रिंस, सोनू अंसारी, ज्योत्सना शीला डांग, प्रेम किशोर चौधरी, कृष्णा सिंह, रमेश कुमार, आशुतोष पुरान, अरविंद, राजेश्वर अहीर अन्य प्रत्रकार मौजूद थे।



# 20 आदिवासियों को सीआरपीएफ ने बेंगलुरू भेजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 94 बटालियन और नेहरू युवा केंद्र संगठन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को 20 आदिवासी युवक-युवतियों की टीम को बेंगलुरु कर्नाटक के लिए रवाना किया गया। द्वितीय कमान अधिकारी 94 बटालियन प्रकाश रंजन मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर युवाओं की टीम को रवाना किया। ज्ञात हो कि पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी सीआरपीएफ और नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा झारखंड, छत्तीसगढ, ओड़िशा के आदिवासी युवक-युवतियों को देश के विभिन्न राज्यों और शहरों में मानसिक और कौशल विकास के लिए भेजा जाता है। इस वर्ष 12 स्थानों देहरादून, जम्मू, नासिक, मुंबई, कोलकाता, पुणे, मैसूर, बेंगलुरु, हैदराबाद, नागपुर और लखनऊ के लिए 260 आदिवासी युवक-युवतियों को खूंटी जिले से भेजने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कमांडेंट 94 बटालियन राधेश्याम सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान युवा-युवतियों को बेंगलुरु कर्नाटक में 15 दिसंबर से 21 दिसंबर तक रखा जायेगा, जहां वे वहां की संस्कृति, कला और परिवेश से अवगत होंगे। मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी प्रकाश रंजन मिश्रा, अंजन कुमार मंडल उप कमांडेंट, संतोष कुमार के उप कमांडेंट, सुबेदार मेजर संजीव कुमार, निरीक्षक जीडी राजेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।



# 22 जनवरी को सभी मंदिरों और सनातनियों के घरों में होगा दीपोत्सव



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भगवान रामलल्ला की ज्नमस्थली अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होनेवाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर तोरपा प्रखंड के सभी मंदिरों और पूजा स्थलों की साफ-सफाई और दीपोत्सव को लेकर तोरपा के एनएचपीसी परिसर स्थित शिव मंदिर परिसर में सनातन धर्मावलंबियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुरोहित बैकुंठ षाड़ंगी ने की। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के तोरपा प्रखंड अध्यक्ष एमपी सिंह ने बताया कि आग्रामी दो जनवरी से 15 जनवरी तक घर-घर जाकर अयोध्या से आये कलश अक्षत का वितरण किया जायेगा और उन्हें प्राण प्रतिष्ठा सामरोह का हिस्सा बनने के लिए निमंत्रण दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन तोरपा प्रखंड के सभी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा और मंदिरों के साथ ही सभी घरों में दीपोत्सव मनाया जायेगा। साथ ही सभी मंदिरों में संध्या आरती, प्राद वितरण और भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

## लखीनदर सिंह मुंडा की पुण्य तिथि मनायी

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** बिरसा हाई स्कुल संकरडीह नागासेरेग में आज पुर्व सचिव स्र्वगीय लखीनदर सिंह मुंडा की पूण्य तिथि मनायी गयी। उनके फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी इस अवसर पर विधालय के हैडमास्टर राजेन्द्र ने छात्रों व शिक्षकों के बीच उनके जीवनी पर प्रकाश डाला छात्र छात्राओं ने बारी बारी से उनके चित्र पर पुष्प व अगरबत्ती जलाकर पुण्य तिथि को मनाया।



# जिसका कोई नहीं, उसका मददगार डालसा है: मनोरंजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** नालसा दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में चलंत लोक अदालत सह न्याय आपके द्वारा वैन के तहत मंगलवार को कुंजला साप्ताहिक हााट में विधिक सहायता और कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। हाट में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि निःशुल्क न्याय वैसे लोगों के लिए है, जिनकी आमदनी तीन लाखर रुपये वार्षिक से कम है। बच्चे हों महिलाएं हों, कैदी हों और वैसे बच्चे जिनके माता-पिता नहीं हैं या दोनों में से कोई एक न हो, वैसे बच्चों को भी निःशुल्क न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने बच्चों से संबंधित योजनाएं, फोस्टर केयर, स्पॉन्सरशिप योजना, सावित्री बाई फुले योजना, बाल श्रम निषेध कानून, अनैतिक व्यापार निवारण कानून आदि पर भी डालसा सचिव ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिसका कोई नहीं है, उसका मददगार हमेशा डालसा है। कार्यक्रम में डालसा के एलएडीसी राजीव कमल, असिस्टेंट अमरदीप कुमार, अस्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष केके सिंह, डालसा की पीएलवी लक्ष्मी कुमारी, ज्योति भेंगरा, शांति नाग, जॉर्ज कांस्टेंट धान आदि उपस्थित थे।



# कांग्रेस की जिला और प्रखंड कमेटी का सत्यापन करायें: कालीचरण मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कांग्रेस के खूंटी जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में और पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा विधानसभा प्रभारी अमरेन्द्र सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठ की जिला और प्रखंड कमेटी के सत्यापन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यकताओं को निर्देश दिया गया कि सभी प्रकोष्ठ का बूथ स्तर तक कमेटी बनाकर प्रकोष्ठों को मजबूती प्रदान करें। मौके पर आदिवासी कांग्रेस, सेवा दल कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस, यूथ कांग्रेस,के जिला और प्रखंड कमेटी की बैठक भी पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, नईमुद्दीन खान, पूर्व अध्यक्ष राम कृष्णा चौधरी, पौलुस पूर्ति, अजय कुमार गुप्ता, संजीव परधिया, सयूम अंसारी, विलसन तोपनो, नरेश तिर्की, आदि उपस्थित थे।



## महत्वपूर्ण खबरें

### खेलो सिल्ली अभियान का उद्घाटन



**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बसन्तपुर पंचायत अंतर्गत अभिराम उच्च विद्यालय रांगामांटी-पोगड़ा फुटबॉल मैदान में खेलो सिल्ली अभियान सिल्ली विधानसभा का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के मुख्य संरक्षक विधायक सुदेश महतो के द्वारा गांव में खेल प्रतिभा को निखरने के लिये बच्चों को खेल से जोड़ने के काम किया जायेगा। जिसको जिस खेल में रुचि होगा उसे उस खेल का प्रशिक्षण दिया जायेगा। अभियान के उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल कोच सह साई के पुर्व निदेशक सुशील कुमार बर्मा, लॉन बॉल के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, गोल्ड मेडेलिस्ट दिनेश कुमार महतो, अंतर्राष्ट्रीय तिरंदाज सिंपी कुमारी, कबड्डी के कोच हरिश कुमार आर्चरी के अंतर्राष्टीय कोच सह बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर के मुख्य प्रशिक्षक प्रकाश राम, बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर के सहायक प्रशिक्षक शिशिर महतो, अभिराम उच्च विद्यालय रांगामांटी-पोगड़ा के प्रधानाचार्य विजय कुमार, विधायक प्रतिनिधि संजय सिद्धार्थ, खेल प्रभारी श्याम कुमार महतो के द्वारा किया गया।

### कंबल वितरण और स्वास्थ्य जांच शिविर



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नवोदय और मंगरु प्रॉप्टीज के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम डुंगरा मैदान जिला खूंटी में कंबल वितरण और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 100 लोगों के बीच कंबल वितरण और सभी लोगों का बीपी, शुगर और वजन की जांच की गयी। सचिव मदन महतो ने कहा कि नवोदय एनजीओ का मुख्य उद्देश्य आम जनता की सेवा करना है। हम सब मिलकर संगठन के माध्यम से आम जनता तक पहुंच कर उन्हें सरकारी तंत्र से जोड़ने का प्रयास करेंगे। राजीव चौरसिया ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी निरंतर काम कर रहे हैं, ताकि लोगों को मदद किया जा सके। करम सिंह मुंडा ने कहा कि हमलोग आगे भी इस तरह का कार्यक्रम करेंगे। कार्यक्रम में मंगरु इंटरप्राइजेज के निदेशक जीतू बड़ाइक का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं अर्जुन कच्छप और जीता मुंडा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस मौके पर सुरेश प्रजापति, आभाष नाथ, अखिलेश कुमार, सर्वेश्वरी कुमारी, गौरव कुमार जलधार कुमार, दीपक, सूरज कुमार, धीरज प्रकाश, दिनेश कुमार, राजेश शर्मा, आदित्य सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### आजसू पार्टी का विस्तार करने के लिए बैठक



**अड़की (आजाद सिपाही)।** तमाड़ विधानसभा मे आजसू पार्टी की विस्तार करने के लिए आज अड़की गांव में बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता दुती कृष्ण सिंह मुंडा ने किया। बैठक मे अड़की के आजसू पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए सभी ने तमाड़ विधान सभा की सत्ता परिवर्तन करने की मांग की। बैठक मे मुख्य रूप से बुडू जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी सांडिल उपस्थित हुई। कयी वकताओ ने अपने अपने विचार रखे बैठक मे पूर्व प्रखंड अध्यक्ष दूती कृष्ण मुंडा फलिंदर अहीर नंदकिशोर मुंडा गोपाल मुंडा महेश दास विष्णु मुंडा वीरेंद्र परमेश्वर एतवा मिरधा परेश मुंडा विजय सहित कयी लोग उपस्थित हुए।

### आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

